दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

हर्बल कलर से खेलें होली....

होली की मस्ती में हेल्थ की प्रॉपर करें देखभाल.....

वर्ष : 10 | अंक : 103 | लखनऊ, 22 मार्च, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 18.c

न्यूनतम तापमान 12.c

बाजार

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

सेंसेक्स 72,085.63

निफ्टी 21,853.80

संक्षिप्त समाचार

प्रधानमंत्री कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का प्रयास कर रहे हैं : सोनिया गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज (लेनदेन पर रोक) किए जाने के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। सोनिया गांधी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। जनता से एकत्रित धन को रोका जा रहा है और हमारे खातों से जबरन पैसा छीना जा रहा है। उन्होंने कहा, इन सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी, हम अपने चुनाव अभियान की प्रभावशीलता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। सोनिया गांधी के अनुसार, एक तरफ चुनावी बॉण्ड का मुद्दा है, जिसे उच्चतम न्यायालय ने असंवैधानिक करार दिया है। जैसा कि सभी जानते हैं, चुनावी बॉण्ड से भाजपा को भारी और बड़े पैमाने पर फायदा हुआ है। दूसरी ओर, प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की वित्तीय स्थिति पर लगातार हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा, हम सभी का मानना ??है कि यह अभूतपूर्व और अलोकतांत्रिक है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाताओं से कहा, लोकतंत्र के लिए चुनाव अनिवार्य होता है, साथ ही यह भी आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर वाली स्थिति हो। उन्होंने कहा, ये नहीं कि जो सत्ता में हैं, संसाधनों पर उनका एकाधिकार हो और देश की संस्थाओं पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उनका नियंत्रण हो। खरगे ने कहा, उच्चतम न्यायालय ने जिस चुनावी चंदे की योजना को अवैध व असंवैधानिक कहा, उस योजना के तहत भाजपा ने हजारों-करोड़ रुपए अपने बैंक खातों में भर लिए हैं। वहीं, दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी दल (कांग्रेस) के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगा दी गई, ताकि हम पैसों के अभाव में बराबरी के साथ चुनाव न लड़ पाएं।

रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का समर्थन करता है भारत: मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात की और कहा कि भारत रूस-यूक्रेन संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का समर्थन करता है। टेलीफोन पर हुई बातचीत में दोनों देशों के बीच संघर्ष पर चर्चा करते हुए मोदी ने भारत के जन-केंद्रित दृष्टिकोण को दोहराया और आगे के रास्ते के रूप में बातचीत और कूटनीति का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थी और उनसे भी यही अपील की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ भारत-यूक्रेन साझेदारी को मजबूत करने पर अच्छी बातचीत हुई। शांति के सभी प्रयासों और जारी संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए भारत के लगातार समर्थन से अवगत कराया। भारत अपनी जन-केंद्रित दृष्टिकोण द्वारा निर्देशित मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखेगा। एक बयान में कहा गया कि जेलेंस्की ने यूक्रेन के लोगों के लिए भारत की निरंतर मानवीय सहायता की सराहना की। उसके मुताबिक दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। जेलेंस्की से बातचीत के ठीक पहले मोदी ने पुतिन से बातचीत में उन्हें पांचवें कार्यकाल के लिए बधाई दी तथा कहा कि बातचीत व कूटनीति ही रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने की दिशा में आगे का रास्ता है।

संजय राउत ने औरंगजेब से की मोदी की तुलना, पलटवार में बोले पीएम - मुझे आज 104वीं गाली दी गई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि चुनाव का बिगुल बजते ही विपक्ष ने उन्हें औरंगजेब कहकर 104वां अपशब्द बोला है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इससे कुछ नहीं होगा, क्योंकि हम लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेंगे। उन्होंने फिर एक बार, मोदी सरकार के नारे का जिक्र करते हुए कहा कि देश ने अपना मन बना लिया है। इन सभी दुर्व्यवहारों के बावजूद, लोगों ने तीसरी बार मोदी सरकार को चुनने का मन बना लिया है, पीएम ने कहा कि नई सरकार का रोडमैप पहले ही रखा जा चुका है। मोदी ने कहा कि आज जब गरीब मुझे आशीर्वाद देते हैं तो विपक्ष मुझे और गरीब दोनों को गाली देता है लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ता। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मादी की तुलना मुगल बादशाह औरंगजेब से की। राउत ने कहा, (गुजरात में) दाहोद नामक एक जगह है जहां मोदी पैदा हुए। औरंगजेब भी वहीं पैदा हुआ था।

अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी का बड़ा एक्शन

दिल्ली शराब घोटाला मामले में किया गिरफ्तार, विपक्ष का मोदी सरकार पर वार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पूरा विपक्ष और इंडिया गठबंधन केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर हो गया है। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी ने साफ तौर पर कहा है कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री थे, हैं और आगे भी रहेंगे। वहीं राहुल गांधी ने साफ तौर पर कहा है कि इंडिया गठबंधन इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यह गिरफ्तारी नई क्रांति को जन्म देगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट किया, रोज जीत का झूठा दंभ भरने वाली अहंकारी भाजपा, विपक्ष को हर तरह से चुनाव के पहले गैर कानूनी तरीके से कमजोर करने की कोशिश कर रही है। विपक्षी पार्टियों के नेताओं को ठीक चुनाव से पहले निशाना नहीं बनाया जाता। सच यह है

की भाजपा आने वाले चुनाव परिणाम से पहले ही डर गयी है और बौखलाहट में विपक्ष के लिए हर तरह की मुश्किलें पैदा कर रही है। वक्त है बदलाव का ! अबकी बार ङ्घसत्ता के बाहर !!

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने ट्वीट किया, जो खुद हैं शिकस्त के खौफ में कैद वो क्या करेंगे किसी और को कैद भाजपा जानती है कि वो फिर दुबारा सत्ता में नहीं आनेवाली, इसी डर से वो चुनाव के समय, विपक्ष के नेताओं को किसी भी तरह से जनता से दूर करना चाहती है, गिरफ़्तारी तो बस बहाना है। ये गिरफ़्तारी एक नयी जन-क्रांति को जन्म देगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ट्वीट किया, डरा हुआ तानाशाह, एक मरा हुआ लोकतंत्र बनाना चाहता है। मीडिया समेत सभी संस्थाओं पर कब्जा, पार्टियों को तोड़ना, कंपनियों से हफ्ता वसूली, मुख्य विपक्षी दल का अकाउंट फ्रीज करना भी असुरी शक्ति के लिए कम था, तो अब चुने हुए मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी भी आम बात हो गई है। कठऊकअ इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। अअढ नेता आतिशी ने कहा, हमें खबर मिली है कि ईडी ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है... हमने हमेशा कहा है कि अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे। वह दिल्ली के सीएम बने रहेंगे। हमने सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर किया है। हमारे वकील रउ पहुंच रहे हैं।

दिल्ली में आज का न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बृहस्पतिवार की सुबह न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह तापमान इस मौसम के लिए सामान्य तापमान है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आज दिन के दौरान आंशिक रूप से बादल छाए रहने और तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है। वहीं, दिल्ली में सुबह 8:30 बजे सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 77 प्रतिशत दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने राजधानी में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा सुबह नौ बजे जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 177 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर माना जाता है।

अयोध्या में खत्म हुआ होली का इंतजार

रामलला ने 495 वर्षों के लंबे अर्से के बाद पीले-गुलाबी गुलाल से खेली होली

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। देशभर में होली के त्योहार की धूम मचनी शुरू हो गई है। देश के अलग अलग इलाकों में होली के रंग दिखने लगे है। फागुन का महीना शुरू होने के साथ ही मंदिरों में भी होली की शुरूआत हो गई है। उत्तर प्रदेश के मथुरा, वृंदावन से लेकर बरसाना धाम में भी होली की धूम मची हुई है, जहां भक्त कृष्ण के साथ होली खेलने को आतुर दिख रहे है। वहीं मंदिरों में फाग के गीत भी सुनाई दे रहे है। होली के उत्सव में सभी रंगे हुए नजर आ रहे है। होली उत्सव की धूम से खुद भगवान भी

अछूते नहीं नजर आ रहे है। रंग भरी एकादशी के मौके पर देश भर के मंदिरों में खास होली का आयोजन किया गया। इस बेहद शुभ मौके पर प्रभु श्रीराम का फूलों से श्रृंगार किया गया। उन्हें अबीर गुलाल लगाया गया। इसके साथ ही अयोध्या में होली की शुरूआत हो गई है। रामलला को होली खेलने के साथ ही फलों का भोग लगाया गया है। राम दरबार में हो रहे होली उत्सव में भक्त और साधु-संत होली के गीत और भजन गुनगुनाते हुए झूम रहे है। गौरतलब है कि भगवान श्रीराम के दरबार में पूरे 495 वर्षों के बाद रंग भरी एकादशी का त्योहार मनाया गया है। इस मौके पर फाग के गीत जोरशोर से सुनाए जा रहे है। राम मंदिर के साथ ही पूरी अयोध्या नगरी भी होली के रंग में रंगी नजर आएंगी। इसकी शुरूआत हो चुकी है रंगभरी एकादशी के साथ ही। अयोध्या के राम मंदिर में रंग भरी एकादशी के मौके पर खास रौनक देखने को मिली, जिसमें भक्त होली के रंग में रंगे नजर आए।

रंगभरी एकादशी पर रहा खास श्रृंगार

रंगभरी एकादशी के मौके पर राम मंदिर को भव्य और शानदार तरीके से सजाया गया था। रंग भरी एकादशी का पर्व बहुत उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रभु श्रीराम का श्रृंगार फूलों से किया गया था। उन्हें विभिन्न फलों का भोग लगाया गया। भक्तों से लेकर संतों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही होली का आगाज हो गया है। प्रभु श्रीराम के मंदिर में आने वाले भक्त धूमधाम के साथ इस उत्सव को मना रहे है।

कांग्रेस का दिवालियापन नैतिक और बौद्धिक है, वित्तीय नहीं : जेपी नड्डा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बैंक खातों को फ्रीज (लेनदेन पर रोक) किए जाने के कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक हार की आशंका को देखते हुए उसका शीर्ष नेतृत्व भारतीय लोकतंत्र और संस्थाओं के खिलाफ जमकर भड़ास निकाल रहा है। नड्डा ने कांग्रेस के आरोपों के कुछ ही देर बाद एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि कांग्रेस अपनी अप्रासंगिकता का दोष अपनी सुविधा के अनुसार वित्तीय परेशानियों पर मढ़ रही है जबकि वास्तव में उसका दिवालियापन नैतिक और बौद्धिक है, वित्तीय नहीं। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में चुनाव से पहले पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज किए जाने का दावा करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि लोकतंत्र के लिए चुनाव अनिवार्य होता है, साथ ही यह भी आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर वाली स्थिति हों। उन्होंने कहा, ये नहीं कि जो

सत्ता में हैं, संसाधनों पर उनका एकाधिकार हो और देश की संस्थाओं पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उनका नियंत्रण हो। इन आरोपों का जवाब देते हुए नड्डा ने कहा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस को जनता पूरी तरह नकारने वाली है। उन्होंने कहा, और ऐतिहासिक हार की आशंका से उसके शीर्ष नेतृत्व ने प्रेस कांफ्रेंस कर भारतीय लोकतंत्र और संस्थाओं के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। वे अपनी अप्रासंगिकता का दोष वित्तीय परेशानियों पर मढ़ रहे हैं। वास्तव में उनका दिवालियापन नैतिक और बौद्धिक है, वित्तीय नहीं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अपनी गलतियों को सुधारने के बजाय कांग्रेस अपनी परेशानियों के लिए अधिकारियों को दोषी ठहरा रही है। उन्होंने कहा, चाहे वह आईटीएटी (आयकर अपीलीय अधिकरण) हो या दिल्ली उच्च न्यायालय, उन्होंने कांग्रेस को नियमों का पालन करने और बकाया करों का भुगतान करने के लिए कहा लेकिन पार्टी ने कभी ऐसा नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस पार्टी ने हर क्षेत्र से, हर राज्य में और इतिहास के हर क्षण में लूटा है, उसके लिए वित्तीय लाचारी की बात करना हास्यास्पद है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस अपने चुनाव प्रचार के लिए जीप से लेकर बोफोर्स और हेलिकॉप्टर घोटाले तक... अपने सभी घोटालों से जमा धन का उपयोग कर सकती है। राहुल गांधी पर हमला करते हुए नड्डा ने उन्हें कांग्रेस का अंशकालिक नेता करार दिया और भारत में लोकतंत्र नहीं बचा है जैसे आरोप लगाने के लिए उन्हें आपातकाल की याद दिलाई।

साबरमती-आगरा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के लोको पायलट ने पार किया था लाल सिग्नल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आगरा जा रही पैसेंजर ट्रेन के चार डिब्बे सोमवार को अजमेर स्टेशन के पास पटरी से उतर गए थे, हालांक घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। सात विशेषज्ञों द्वारा हस्ताक्षरित संयुक्त जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रेन संख्या 12458 (साबरमती-आगरा सुपरफास्ट एक्सप्रेस) 00:50 बजे अजमेर से रवाना हुई और मदार स्टेशन की ओर आते समय चालक ने लाल सिग्नल को पार किया जिसके बाद ट्रेन एक मालगाड़ी की पिछली दो बोगियों से टकरा गई। इस टक्कर के कारण ट्रेन के चार डिब्बे और उसका इंजन पटरी से उतर गए, जिससे दोनों दिशाओं में ट्रेन परिचालन कई घंटों तक बाधित रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस घटना में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ, हालांकि टक्कर के समय ट्रेन की गति 50 किलोमीटर प्रति घंटा थी। लोको पायलट ने भी अपने बयान में स्वीकार किया कि मदार स्टेशन में प्रवेश करने से पहले उसने पहला सिग्नल डबल येलो पोजीशन में और दूसरा सिंगल येलो पोजीशन में देखा था। ड्राइवर ने आगे कहा कि जब उसने तीसरा सिग्नल रेड पोजीशन में देखा तो उसने आपातकालीन ब्रेक लगाये लेकिन तब तक ट्रेन मालगाड़ी के पिछले हिस्से से टकरा गई थी।

ज्ञानवापी की तरह 22 मार्च से एएसआई की तरफ से किया जाएगा सर्वेक्षण, इंदौर हाईकोर्ट ने दिया था आदेश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) 22 मार्च से धार में भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण शुरू करेगा। यह घटनाक्रम इंदौर में उच्च न्यायालय, मध्य प्रदेश के आदेश के बाद आया है। आधिकारिक बयान में कहा गया कि माननीय उच्च न्यायालय, मध्य प्रदेश इंदौर के रिट याचिका क्रमांक 10497/2022 के आदेश के अनुपालन में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा माननीय न्यायालय के निदेर्शानुसार पुरातत्व सर्वेक्षण /वैज्ञानिक जांच/ उत्खनन 22.3.2024 को सुबह से किया जाएगा। इस महीने की शुरूआत में मप्र उच्च न्यायालय ने विवादित स्थल के 'असली चरित्र, प्रकृति और स्वरूप का पता लगाने' के लिए भोजशाला

मंदिर और कमल मौला मस्जिद के 'बहु-विषयक वैज्ञानिक सर्वेक्षण' का आदेश दिया था, जिससे पहले सांप्रदायिक झड़पें हो चुकी हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार, जस्टिस एसए धर्माधिकारी और जस्टिस देवनारायण मिश्रा की खंडपीठ ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस द्वारा दायर याचिका पर कार्रवाई करते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को पांच सदस्यीय पैनल बनाने का निर्देश दिया, जिसमें सबसे वरिष्ठ अधिकारी शामिल हों और छह सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपें। हिंदू 11वीं शताब्दी के एएसआई-संरक्षित स्मारक भोजशाला को देवी सरस्वती को समर्पित एक मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम इसे कमल मौला मस्जिद के रूप में संदर्भित करते हैं। अप्रैल 2003 से एएसआई के एक आदेश के अनुसार, हिंदू मंगलवार को पूजा करते हैं और मुस्लिम शुक्रवार को नमाज अदा करते हैं। अदालत ने 1958 के स्मारक अधिनियम की धारा 16 पर ध्यान केंद्रित किया, जो पूजा स्थल को दुरुपयोग, प्रदूषण और अपवित्रता से बचाने से संबंधित है और कहा कि पूजा स्थल के चरित्र का निर्धारण प्राथमिक निर्णय लेने के लिए एक पूर्व शर्त है।

जयपुर में सिलेंडर से घर में लगी आग, तीन बच्चों समेत पांच लोग जिंदा जले

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजस्थान की राजधानी जयपुर में दर्दनाक हादसा हो गया है। एक घर में आग लगने के बाद पांच लोग जिंदा जले है। मरने वालों में तीन बच्चों समेत पांच लोग शामिल है। हादसे में एक पूरे परिवार की मौत हो गई है, जिसमें माता, पिता और तीन बच्चे शामिल है। हादसे के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि घायलों को तत्काल इलाज मुहैया कराया जाए। जयपुर में विश्वकर्मा के जैसल्या गांव के यादव मार्केट में ये घटना घटी है जहां आग घर में रखे सिलेंडर में लगी थी। हादसे में जिन लोगों की मौत हुई है वो सभी बिहार से ताल्लुक रखते थे और जयपुर के एक घर में रह रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम भी हादसे के कारण का पता लगाने के लिए जांच में जुट गई है। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन्होंने लिखा कि जयपुर के विश्वकर्मा में भीषण आग की चपेट में आने से 5 नागरिकों के असामयिक निधन का समाचार हृदय विदारक है। परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान व परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। घायलों को समुचित उपचार सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देश भी दिए गए हैं। बता दें कि हादसा देर रात को हुआ जब परिवार सो रहा था। तभी घर में आग लग गई। आग लगने के बाद घर में फंसे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। सभी लोग आग से बचने के लिए कोनों में गए मगर अपनी जान नहीं बचा सके।

राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भाजपा की चुनावी संभावनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा: रीजीजू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी संभावनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बड़े बहुमत से लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगा। मणिपुर के थौबल से 14 जनवरी को शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा 16 मार्च को मुंबई में समाप्त हुई। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री रीजीजू ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, राहुल गांधी अपनी यात्रा के दौरान जहां भी गए, कांग्रेस वहां सारी सीट हार जाएगी क्योंकि उन्हें कोई गंभीरता से नहीं लेता। अगर वह चुनाव प्रचार से दूरी बनाते हैं तो संभावना है कि कांग्रेस को कुछ सीट मिल जाएं।

भाजपा नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बयानों के लिए भी राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा कि यह उनके अंदर की कटुता को दशार्ता है। रीजीजू ने दावा किया, कांग्रेस नेता का दिल, आत्मा और शरीर प्रधानमंत्री और भाजपा के खिलाफ नफरत से भरे हुए हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। राहुल गांधी को मोदी पसंद नहीं हैं क्योंकि प्रधानमंत्री बहुत ही साधारण और गरीब परिवार से आते हैं। गांधी और उनके समर्थक इस बात को पचा नहीं पा रहे कि एक गरीब आम आदमी प्रधानमंत्री बन सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी अपनी योग्यता और जनता के प्यार तथा आशीर्वाद के कारण प्रधानमंत्री चुने गए। अरुणाचल प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को एक साथ होंगे।

लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क में घटिया सामग्री का हो रहा प्रयोग

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। स्थानीय नगरपंचायत के मऊ गांव में लोक निर्माण विभाग के खण्ड दो के द्वारा सम्पर्क मार्ग में लगभग 38 लाख की लागत से विशेष मरम्मत का कार्य ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करते हुए किया जा रहा है। जिससे आबादी एरिया में सीसी मार्ग के निर्माण में मार्ग की चौड़ाई घटा दी गई है एवं निर्माण में मानक के अनुरूप कार्य नही किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को आने जाने में घोर असुविधा का सामना करना पड़ेगा। वही शासकीय धनराशि का दुरुयोग हो रहा है।

लखनऊ-रायबरेली मार्ग से गोसाईगंज मार्ग को जोड़ने वाला मऊ सम्पर्क मार्ग लगभग 2.5 किलो मीटर है जिसमे लगभग 200 मीटर पूर्व से सीसी मार्ग बना है। शेष मार्ग अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो गया था जिसमे विशेष मरम्मत कार्य पी डब्लू डी के खण्ड दो द्वारा कराया जा रहा है जिसकी लागत लगभग 38 लाख रुपए स्वीकृत है जिसमे आबादी एरिया में सीसी मार्ग तथा शेष में डामरीकरण स्वीकृत है।ग्रामीणों का आरोप है कि आबादी मार्ग के निर्माण में 3 मीटर की चौड़ाई ली गई है जिसमे मार्ग के दोनो ओर लगभग 1 से दो मीटर कच्चा मार्ग खाली पड़ा हुआ है सीसी मार्ग बनने से मार्ग की ऊंचाई अधिक हो गई है और अगल बगल खाली होने से यातायात में आय दिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा निर्माण में 20-40 एमएम की गिट्टी की जगह डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है तथा पानी का चिड़काओ कर रोलर से कुटाई नही की गई जिससे बन रही सड़क का बेस मजबूत न होने के कारण सड़क टूट जाएगी,सीसी मार्ग में एयर निकलने के लिए क्रास नही डाले जा रहे है जो मानकों के विपरीत है।ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि सीसी के मसाले में सीमेंट का प्रयोग कम मात्रा में किया गया है मार्ग के गड्ढों को मानक के अनुरूप भराई नहीं कराई गई है मार्ग के किनारे जल भराव के स्थानों पर नाली का निर्माण नही किया जा रहा है जिससे मार्ग कुछ दिन बाद क्षतिग्रस्त हो जायेगा।पटरी मरम्मत का कार्य भी ठेकेदार द्वारा नियमानुसार नही किया जा रहा है।इस सम्बन्ध में निमार्णाधीन मार्ग के अवर अभियंता मोहित कटियार का कहना है कि उन्होंने आबादी एरिया में सीसी मार्ग के साथ खाली एरिया में इंटरलॉकिंग का इस्टीमेट बनाया था किन्तु विभागीय अधिकारियों द्वारा उसे काट दिया गया है। मानक की गुणवत्ता पर कहा कि मार्च का महिना है व्यस्तता अधिक है इस लिए मौके पर समय नही दे पा रहा हूं।ठेकेदार को मानक के अनुसार निर्माण करने को कहा गया है।

बेखौफ चोरों ने मार्बल की दुकान का लाकर तोड़ कर हजारों रुपए की नगदी करी पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजिनीनगर इलाके में बृहस्पतिवार को दिनदहाड़े बेखौफ चोरों ने एक मार्बल की दुकान का लाकर तोड़ कर हजारों रुपए की नगदी पार कर दिया। सरोजिनीनगर में शांति नगर स्थित पेट्रोल पंप के पास यहीं के रहने वाले वेद प्रकाश यादव की आर डी इंटरप्राइजेज के नाम से मार्बल की दुकान है वेद प्रकाश यादव के मुताबिक अपराह्न लगभग 4: 30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति कस्टमर बनकर शाप पर आया जो मास्क लगा रखा था मेरा बड़ा बेटा रवि प्रकाश यादव यादव शाप पर था उसने पूछा क्या काम है तब उसने बताया कि मेरे साथी आ रहे हैं जिन्हें मार्बल चाहिए इसके बाद वह काउंटर के आसपास घूमता रहा इसी दौरान दूसरा कस्टमर आया तो उसको मार्बल दिखाने दूसरे ओर चला गया तभी मौका पाकर काउंटर का लाकर खोल कर करीब 50,000 की रखी नगदी चुरा कर वहां से फौरन भाग निकला। कुछ टाइम बीतने के बाद मेरा बेटा दुकान के काउंटर पर आकर देखा तो लाकर से पैसे गायब थे आनन फानन इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने छानबीन के साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों की तलाश कर रही है।

बेखौफ लकड़ी माफियाओं ने बिना परमिशन हरे पेड़ों पर चलाया आरा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बंथरा इलाके में लकड़ी माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह अपनी करतूत से बाज नहीं आ रहे। हरियाली के यह दुश्मन आए दिन इलाके में बेखौफ होकर कहीं ना कहीं हरे पेड़ों को अवैध रूप से चोरी छिपे काट कर गिराने में जुटे हैं। बीते दिनों लकड़ी माफिया ने यहां रौतापुर गांव के पास तीन हरे भरे पेड़ों पर आरा चला कर उन्हें धराशायी कर दिया। बताते हैं कि लकड़ी माफिया ने इन पेड़ों की कटान के लिए संबंधित विभाग से कोई परमिशन तक नहीं लिया। जब इसकी भक वन विभाग को लगी, तो मौके पर पहुंच कर वन विभाग की टीम जांच पड़ताल में जुट गई। बताया जाता है कि बंथरा के रौतापुर गांव में ग्राम पंचायत की सरकारी जमीन पर नीम जैसे दिखने वाले अररा के तीन हरे भरे भारी भरकम पेड़ खड़े थे। जिन्हें करीब 10 दिन पहले लकड़ी माफिया ने बिना किसी परमिशन के अवैध रूप से चोरी छुपे काटकर गिरा दिया। लेकिन इसकी भनक वन विभाग और पुलिस को नहीं लग सकी। बल्कि लकड़ी माफिया ने पेड़ों पर आरा चला कर उन्हें धराशाई करने के बाद सारी लकड़ी उठा ले गया। गुरुवार को जब इसकी जानकारी वन विभाग अधिकारियों को हुई तो उन्होंने उसकी जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में सरोजनीनगर वन रेंज अधिकारी शौकतउल्लाह का कहना है कि जानकारी होने के बाद विभागीय टीम मौके पर भेजी गई है और मामला सही पाए जाने पर लकड़ी माफिया के बारे में पता कर उससे जुमार्ना वसूला जाएगा या फिर उसके खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

कई दलों के सैकड़ो नेता एवं कार्यकर्ता राष्ट्रीय लोकदल में हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आज राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की उपस्थिति में प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह तथा प्रदेश महासचिव एवं सदस्य ज्वाइनिंग कमेंटी रजनीकांत मिश्रा के प्रयासों से राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुये विभिन्न राजनैतिक दलों तथा पत्रकार साथियों ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ रालोद का दामन थामा।

इस अवसर पर ज्वाइनिंग कमेंटियों के सदस्य प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, प्रदेष महासचिव अम्बुज पटेल ने सभी साथियों को पार्टी का गमछा व माला पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। शामिल होने वालों में जनता दल लोकतांत्रिक की महिला प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह के साथ बीना गुप्ता, सुशीला मदान, हरजीत भल्ला, चरणजीत भल्ला, मोना अरोडा, कुसुम यादव, फिल्म अभिनेता व समाज सेवक नितिन नाथ प्रमुख थे। वरिष्ठ पत्रकार आमिर साबरी के साथ अहमद शाह, आजिब अब्बास, साहिल अहमद, मो0 सैफ, सोनू मिर्जा, अमन दीक्षित, अब्बास मिर्जा के साथ सैकड़ों लोगों ने रालोद में शामिल होने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष बी0एल0 प्रेमी, प्रदेश महासचिव, मनोज सिंह चौहान, रमावती तिवारी, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी, प्रदेश सचिव मयंक त्रिवेदी, प्रदेश प्रवक्ता सम्राट सिंह चौहान, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेश पाल धनगर, भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है - भूपेन्द्र सिंह चौधरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी की सोशल मीडिया प्रदेश कार्यशाला गुरुवार को राजधानी लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेयी सांइटिफिक कन्वेशन सेंटर में सम्पन्न हुई। कार्यशाला का उद्घाटन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता तथा प्रदेश के सोशल मीडिया संयोजक अंकित चंदेल उपस्थित रहे। कार्यशाला में क्षेत्र एवं जिलो के सोशल मीडिया के संयोजक व सहसंयोजक तथा प्रभारी सम्मिलित हुए। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एवं योगी सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण की योजनाएं, सरकार के ऐतिहासिक निर्णय तथा संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सोशल मीडिया सशक्त माध्यम है। चौधरी ने कहा कि वर्तमान युग डिजिटल युग है जिसमें त्वरित जानकारी और त्वरित प्रतिक्रिया प्रत्येक व्यक्ति के पास उपलब्ध है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के साइबर योद्धा होने के नाते आप की जिम्मेदारी है कि हम सभी भ्रामक कंटेट पर प्रतिक्रिया करने से बचे और सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक तथ्यपरक जानकारी पहुंचायें।

प्रदेश के जलशक्ति मंत्री एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में विपक्ष अपने हथकंडो के साथ सोशल मीडिया पर भ्रम, झूठ, फरेब से नकारात्मक नेरेटिव क्रिएट करने का प्रयास करेंगे, लेकिन हम तथ्यों के आधार पर विपक्ष के झूठ को बेनकाब करने का काम करें। अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ जुडे. और उसकी सफलता में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भाजपा की सोशल मीडिया टीम केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाएं जनता तक पहुंचाने का काम करें। भारत में जो विकास की यात्रा प्रारम्भ हुई है, उस यात्रा को और गति देने के लिए सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म को कमलमय करने की बड़ी जिम्मेदारी आपके ऊपर है। प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यशाला में दिया गया प्रशिक्षण चुनाव के दौरान आप सबके लिए सहायक होगा। डिजिटल मीडिया का विस्तार दिन-प्रतिदिन बढ रहा है। आज सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म प्रतिदिन नए फीचर्स के साथ आ रहे है। ऐसे में सोशल मीडिया के पदाधिकारी होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि हम प्रत्येक अपग्रेड के लिए अपडेट रहे। सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने से पूर्व हम विभिन्न माध्यमों से उसकी जानकारी प्राप्त करें। प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक अंकित सिंह चंदेल ने कार्यशाला में सोशल मीडिया प्लेटफार्मस का प्रजेंटेशन देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी मजबूत कड़ी के रूप में सोशल मीडिया टीम को काम करना है और उत्तर प्रदेश में लक्ष्य 80 की प्राप्ति में सहायक बनना है। इसके साथ ही सोशल मीडिया के आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों की जानकारी दी। इस दौरान प्रमुख रूप से सोशल मीडिया के प्रदेश सहसंयोजक शशिकुमार एवं गौरव वार्ष्णेय तथा प्रदेश सोशल मीडिया टीम के सदस्य निखिल सिन्हा तथा शुभम मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन सौरभ मारोदिया ने किया।

हीरालाल यादव लॉ कॉलेज में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के सप्तम दिवस को हीरालाल यादव लॉ कॉलेज, सरोजनी नगर, लखनऊ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः योग, प्रार्थना के पश्चात डिपार्टमेंट ऑफ ट्रांसफुशन लखनऊ (केजीएमयू) डॉ रजनीश पांडेय, डॉ मनोज, गुड़िया, नेहा एवं उनके अन्य सहयोगी ब्लड डोनेशन वैन के साथ कॉलेज परिसर में पहुंचे। जिनका स्वागत हीरालाल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंधक निदेशक इं0 अनुराग, प्राचार्य डॉ संजीव कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह, कार्यक्रम प्रभारी अजय कुमार दुबे एवं राजन श्रीवास्तव ने किया। रक्तदान शिविर में प्रबन्ध निदेशक इं0 अनुराग, प्राचार्य डॉ संजीव कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह, कार्यक्रम प्रभारी अजय कुमार दुबे, राजन श्रीवास्तव सहित कुल 44 लोगो ने रक्तदान किया।

एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों 45 लाख रुपये कीमत की विदेशी सिगरेट पकड़ी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बुधवार को कस्टम अधिकारियों ने चेकिंग के दौरान करीब 45 लाख रुपये कीमत की विदेशी सिगरेट बरामद करने का दावा किया है। कस्टम अधिकारी तस्करी कर लाई गई इन सिगरेटों को जब्त करने के साथ ही यात्रियों से पूछताछ कर रही है।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक अबू धाबी से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या (6ई-094) से पांच यात्री चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। इस दौरान मौके पर मौजूद कस्टम अधिकारियों ने इन यात्रियों को शक के आधार पर रोकने के बाद पूछताछ की। इसमें एयर कस्टम की ओर से पांचों यात्रियों को पकड़ा गया। इन सभी यात्रियों के पास अवैध तरीके से लाई गई सिगरेट बरामद हुई। लगेज के साथ सिगरेट छिपा कर लाई गई इन सिगरेटों की संख्या 1499 बताई जा रही है। इन सिगरेटों की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 44.97 लाख बताई जा रही है। यात्रियों ने बताया कि विदेशी सिगरेट पर कैंसर होने का संदेश और चित्र नहीं होता। ऐसे में लोग बड़ी कीमत देकर इन सिगरेटों को खरीदते हैं। इसमें काफी कमाई हो जाती है। दिल्ली एनसीआर और दक्षिण भारत के आधुनिक शहरों में इनकी काफी मांग रहती है। इसीलिए सिगरेट की तस्करी कर लाए हैं। यह सभी यात्री मोहरा भर हैं। सूत्रों का कहना है कि मास्टरमाइंड विदेश में बैठे हैं। यात्रियों के पास से ब्लूबेरी मेंथॉल सुपर स्लिम. प्लेटिनम सेवर, गोल्ड फ्लैक मिली है। जिनकी कीमत 44.97 लाख रुपये बताई जा रही है। कस्टम अधिकारी तस्करों से पूछताछ कर रही है।

भाजपा सहित अन्य दलों के नेता, पदाधिकारी, समाजवादी पार्टी में हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी की नीतियों और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए आज बड़ी संख्या में भाजपा सहित अन्य दलों के नेता, पदाधिकारी, समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। शामिल होने वाले सभी नेताओं ने समाजवादी पार्टी पीडीए इंडिया गठबंधन पर अपना भरोसा जताते हुए भाजपा को सत्ता से हटाने का संकल्प लिया। पूर्व प्रधानमत्री चौधरी चरण सिंह के पूर्व लोकदल के अध्यक्ष सुनील सिंह ने समाजवादी पार्टी के प्रति अपना समर्थन जताते हुए अखिलेश यादव के नेतृत्व को मजबूती देने का भरोसा दिलाया।

आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में डॉ0 राममनोहर लोहिया सभागार में अपने समर्थकों के साथ आए विभिन्न दलों के नेताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। एमआईएम के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 सुनील दिवाकर और भाजपा छोड़कर डॉ0 रंग लाल दिवाकर तिर्वा, डॉ0 बीएल वर्मा, गौरव शाक्य, जीशान कुरैशी, राम शंकर लोधी, तोषी कुशवाहा, अवनीश पटेल, पंकज राजपूत, अनिल दोहरे आदि समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए।

अनिल कटियार प्रभारी कन्नौज के नेतृत्व में दर्जनों नेता समाजवादी पार्टी के सदस्य बन गए। प्रमोद यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नेताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। कन्नौज के नेम सिंह यादव, हसन हसीब, आकाश शाक्य, राजेन्द्र सिंह यादव, रवि यादव तथा अन्य बड़ी संख्या में नेताओं ने समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। मीडिया के समक्ष लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह पूर्व एमएलसी ने 2024 के चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों का भरपूर समर्थन करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भले नकली लोक दल अलग चला गया हो, देश बचाने की लड़ाई में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को जिताने के लिए लोकदल पूरा जोर लगा देगा। लोकदल का संकल्प है कि अखिलेश यादव का नेतृत्व भाजपा को पराजित करने में सक्षम है।

त्यौहार को लेकर एसीपी व प्रभारी निरीक्षक ने की पीस कमेटी की बैठक

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।होली रमजान एवं लोकसभा चुनाव को लेकर गुरूवार को मोहनलालगंज कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता एसीपी राधा रमण सिंह व संचालन प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने किया।एसीपी राधा रमण सिंह ने बैठक में मौजूद लोगो को सम्बोधित करते हुये कहा होली के साथ-साथ रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है।उसका भी सभी को आदर करना है।त्यौहारो का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता और भाईचारे को बढावा देना है।इसके साथ साथ हमारे जीवन में एक नया उमंग और उत्साह भी भरना है।दोनो ही त्यौहारो में किसी की धार्मिक भावना को ठेस नहीं पहुंचे, इसका विशेष ख्याल रखें. अफवाहों पर ध्यान नहीं दें.सोशल मीडिया पर पुलिस की विशेष टीम नजर रख रही है. सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को सीधे जेल भेजा जाएगा।अगर किसी को कोई परेशानी आती है तो पुलिस को अवगत कराएं, जिससे की समस्या का समाधान किया जा सके।लोकसभा चुनाव करीब आ चुके हैं चुनाव में गड़बड़ी करने वालो पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने कहा दोनों त्योहार आपसी भाईचारा का संदेश लेकर आते हैं इसलिए सभी को शांतिपूर्वक त्योहारों को मनाना चाहिए। त्योहार पर किसी प्रकार का उपद्रव आदि न करें, जिससे कठिनाइयों का सामना करना पड़े। उन्होंने सभी प्रधानों से अपील की यदि किसी स्थान पर होली दहन को लेकर कोई समस्या है तो तुरंत सूचित करें।होली पर्व में डीजे पर अश्लील व फूहड़ गाने बिल्कुल ना बजाये।शराब समेत मादक पदार्थो का सेवन त्यौहार में बिल्कुल ना करे।प्रभारी निरीक्षक ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के नियमो की जानकारी भी दी।बैठक में प्रशिक्षु आईपीएस बसंत कुमार, वरिष्ठ पत्रकार अशोक तिवारी, सभासद हिमांशु तिवारी, प्रधान शंकर यादव समेत सभी प्रधान व दोनो समुदायो के संभ्रान्त लोग मौजूद रहें।

सफरनामा - 7 साल : मोदी के विजन को ही योगी ने बनाया अपना मिशन

- सात साल में यूपी में केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों की बढ़ी तादात
- केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रदेश में मिशन मोड में धरातल पर उतार रही योगी सरकार
- केंद्र सरकार के सभी फ्लैगशिप योजनाओं में यूपी का परफॉर्मेंस सबसे शानदार
- केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की खुद सीएम योगी करते हैं सतत मॉनीटरिंग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। विगत सात साल से उत्तर प्रदेश की कमान संभाल रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दूसरे कार्यकाल का दूसरा साल पूरा कर रहे हैं। बीते सात वर्षों में प्रदेश में हुए अभूतपूर्व कार्यों की बदौलत सीएम योगी की चर्चा पूरे देश में हो रही है। कानून व्यवस्था के सुदृढ़िकरण से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और कनेक्टिविटी ने प्रदेश में निवेश की राह को आसान किया तो यूपी प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ने लगा। इन सब के साथ ही योगी सरकार के दौरान केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना मिशन बनाते हुए एक एक योजनाओं की खुद मॉनीटरिंग की। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जिस तेजी के साथ प्रदेश में धरातल पर उतारा गया, उसका लाभ करोड़ों लाभार्थियों को मिला।

किसानों को 'सम्मान', महिलाओं का जीवन हुआ 'उज्ज्वल'

किसान, गरीब, महिला, कामगार और बुजुर्ग के साथ ही आवास, स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को प्रदेश में पूरी प्लानिंग के साथ क्रियान्वित किया गया। बात करें किसानों के लिए शुरू की गयी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की तो देश में 11 करोड़ लाभार्थी इससे लाभान्वित हुए। वहीं यूपी में 2 करोड़ 62 लाख किसानों के बैंक खातों में 62998.69 करोड़ की धनराशि हस्तांतरित की गई। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी और ग्रामीण) का लाभ देश में 3 करोड़ लोगों को मिला तो यूपी में भी इससे 55.83 लाख लोगों को उनके सपने का आशियाना मिल चुका है। महिलाओं को रसोई में धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से देश की 10 करोड़ महिलाओं को लाभ मिला, इसमें भी प्रदेश में 1.75 करोड़ महिला लाभार्थियों को इस योजना का लाभ दिलाया गया।

खुले में शौच से मिली मुक्ति

इसी प्रकार स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 2.52 करोड़ घरों में शौचालय का निर्माण कराया गया। यही नहीं केंद्र सरकार की एक और महात्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जनधन योजना के मामले में भी यूपी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। राज्य के 8.56 करोड़ लोगों के जनधन खाते योगी राज में खुलवाए गये, जिनके माध्यम से विभिन्न योजनाओं की राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजी जा रही है। ऐसे ही सौभाग्य योजना से देश में जहां 2.86 करोड़ घरों को जोड़ा गया, वहीं अकेले यूपी में 1.58 करोड़ घरों को इस योजना से जोड़ा गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना से यूपी के 1.09 करोड़ लाभार्थियों को जोड़ने में योगी सरकार को सफलता मिली।

75 लाख से अधिक घरौनियां तैयार

स्ट्रीट वेंडर्स के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के मामले में भी प्रदेश को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। अबतक 18.14 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को प्रदेश के अंदर स्वनिधि योजना का लाभ दिलाया गया। अटल पेंशन स्कीम भी प्रदेश में काफी कारगर साबित हुई, इससे 75 लाख लोगों को जोड़ने में योगी सरकार को सफलता मिली। वहीं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से यूपी की 54.44 लाख माताओं को जोड़ा गया। यही नहीं स्वामित्व योजना के अंतर्गत देश में जहां अबतक 1.25 करोड़ लाभार्थियों की घरौनियां तैयार हुईं, वहीं अकेले यूपी में अबतक 75.78 लाख घरौनियां तैयार हो चुकी हैं।

केंद्र की इन योजनाओं में यूपी अव्वल

केंद्र सरकार की योजनाओं को मिशन मोड में धरातल पर उतारने में जुटी योगी सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि तमाम महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं में यूपी पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। इनमें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना शामिल हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और डीबीटी परफॉर्मेंस रैंकिंग में यूपी को देश में दूसरा स्थान प्राप्त है।

साथियों संग मिलकर महिला व उसके परिवार को पीटा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। कस्बे के कहारनटोला निवासी मालती ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते बुद्वार को उसका पड़ोसी मुकेश से विवाद हो गया, जिसके बाद मुकेश ने अपने साथियो के साथ मिलकर घर में घुसकर लोहे की राड से बुरी तरह उसकी व परिवार की पिटाई कर घायल कर दिया, मारपीट की घटना में देवर का सिर फट गया।आरोपी जान से मारने की धमकी देने के बाद मौके से भाग निकले।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की तहरीर के आधार पर मारपीट, बलवा समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी मुकेश को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया गया।

संक्षेप

किशोरी के साथ मनचले युवक ने की अश्लीलता

सफीपुर, उन्नाव। प्लाट पर अपने बाबा से मिलने गई किशोरी घर को घर वापस जाते समय मनचले युवक ने बुरी नियत से पकड़ कर अश्लीलता की किशोरी के शोर मचाने पर लोगो को अपनी ओर आता देख आरोपी मौके से भाग निकला किशोरी की मां ने पुलिस को शिकायत पत्र दिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दीकोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र देकर बताया की उसकी 16 वर्षीय पुत्री प्लाट पर अपने बाबा से मिलकर घर लौट रही थी कस्बा के सराय सूबेदार पश्चिमी निवासी शुभम्ने उसे बुरी नियत से पकड़ का गिरा दिया और अश्लील हरकते करने लगा पुत्री के शोर मचाने पर आरोपी युवक मौके से भाग निकला प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

छत से नीचे गिरकर मासूम घायल , हालत गंभीर

सफीपुर, उन्नाव। छत पर खेल रही 18 माह की बच्ची अचानक नीचे आ गिरी जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गई ।स्वजन आनन फानन उसे लेकर सी एच सी पहुंचे जहां गंभीर हालत के चलते डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के बृजपालपुर गांव निवासी अजय कुमार की डेढ़ वर्षीय पुत्री जया घर की छत पर खेल रही थी उसी दौरान वह छत से नीचे गिर गई जिसमे वह गंभीर रूप से घायल को गई परिजन उसे सी एच सी लेकर पहुंचे जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

डीजल टंकी में बिल्डिंग करते समय हुआ धमाका दो घायल

सफीपुर, उन्नाव। ट्रक की डीजल टंकी में बिल्डिंग करते समय जोरदार धमाके के टंकी फट गई जिसकी चपेट में गैस से बिल्डिंग कर रहे दुकानदार व पड़ोसी दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गए दोनो घायलों को सी एच सी लाया गया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते दोनो को जिला अस्पताल भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग कस्बा के बीज भंडार के पास चांद बाबू 50 वर्ष पुत्र मुन्ने खां निवासी सैय्यदवाडा गैस बिल्डिंग की दुकान किए हैं जिसमे आज एक ट्रक चालक डीजल की टंकी लेकर उसकी दुकान आया और गैस बिल्डिंग के लिए दुकान दार से बोला दुकान स्वामी उसकी टंकी में बिल्डिंग करने लगा तभी अचानक टंकी जोरदार धमाके के साथ फट गई जिसकी चपेट में चांद बाबू व पड़ोस में नाई की दुकान खोले सुनील 35 वर्ष पुत्र बनवारी निवासी गोपालपुर आ गए दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते दोनो को जिला अस्पताल भेज दिया धमाके की आवाज सुनते ही आस पास के दुकानदारो में अफरा तफरी मच गई।

नवनिर्वाचित कार्यकारणी का संपन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहें। चुनाव अधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

स्थानीय बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण मुख्य अतिथि के रूप में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य व मुख्य स्थायी अधिवक्ता प्रशान्त सिंह अटल, विशिष्ट अतिथि जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव व अन्य न्यायिक अधिकारीगण की मौजूदगी में गुरुवार संपन्न हुआ। सम्मिलित रहे कायक्रम का आठवीं दफा के बार अध्यक्ष बने सतीश कुमार शुक्ला, महामंत्री के रूप में अरविन्द कुमार दीक्षित व कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार लोधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रेनू तिवारी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विद्याशंकर मिश्रा, संयुक्त मंत्री कु. नीलम देवी, मणिकान्त रावत, आशुतोष कुमार सैनी, वरिष्ठ सदस्यगण दिनेश कुमार द्विवेदी, प्रदीप कुमार त्रिपाठी, राकेश कुमार शुक्ला, रामचन्द्र, शारदेन्दु कुमार शुक्ला, वजाहत हुसैन काजमी व कनिष्ठ सदस्यगण अनुपम सिंह, आशीष दीक्षित, नीरज कुशवाहा, अरविन्द कुमार शर्मा, मुकेश कुमार राजपूत, बाबूराम को चुनाव अधिकारी प्रकाश कुमार निगम ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी। इस मौके पर एल्डर कमेटी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें। इसी क्रम वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान भी किया गया और मृतक आश्रित अधिवक्ताओं के परिजनो को बार एसोसिएशन से मिलने वाली चेके प्रदान की गयीं।

बार काउंसिल के सदस्य अटल ने अधिवक्ताओं को यह सलाह दी कि अपना सम्मान बचाने के लिये अपनी योग्यताओं को बढ़ाएं तभी आपका समाज में सम्मान होगा। बार अध्यक्ष सतीश कुमार शुक्ला ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं को मिलने वाली पेंशन धनराशि में बढ़ोत्तरी करने का अपने कार्यकाल में आश्वासन दिया और यह भी कहा कि मै हर वक्त सभी अधिवक्ता भाईयों के साथ खड़ा हूं। कार्यक्रम सम्मिलित भारी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहें।

थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना परिसर में होली त्यौहार एवं रमजान को देखते हुए आज शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में आए हुए नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के संभ्रांत लोगों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से पुलिस ने

लोकसभा चुनावों को लेकर चुनाव आचार संहिता को लेकर उसका पालन करने के लिए कहा।

होली व माह-ए-रमजान के त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस सतर्क है। पुलिस सभी गतिविधियों पर नजर रखेगी आप सभी पूर्ण सहयोग करे। तथा होली जैसे आपसी सौहार्द के त्यौहार में किसी तरह की गड़बड़ी पैदा करने वाले शरारती एवं खुराफाती लोगों की सूचना तत्काल थाना पुलिस को देने की अपील की गई।

फतेहपुर चौरासी थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक थाना अध्यक्ष राजेश्वर त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में नगर पंचायत के सभासद और जनप्रतिनिधि, नगर अध्यक्ष सहित क्षेत्र के कई प्रधान मौजूद थे ।बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारा और मेल मिलन का त्योहार है। इस त्यौहार में लोग अपनी वर्ष भर की कटुता भुलाकर एक दूसरे से आपस में गले मिलकर आपसी भाईचारा कायम करते हैं ।इस त्यौहार को सभी वर्गों के लोग मनाते हैं। उन्होंने कहा इसके बावजूद समाज के कुछ शरारती तथा खुराफातीतत्व मेल मिलन के इस त्यौहार में खलल डालने के लिए नशीली वस्तुओं का सेवन कर माहौल खराब करने का प्रयास करते हैं ।ऐसे तत्वों से बचकर रहकर उन्हें चिन्हित कर पुलिस को तत्काल रूप से सूचना देने में आप लोग सहयोग करें ।ताकि वह त्यौहार के माहौल को खराब न कर सके और पुलिस समय से उनके खिलाफ कार्यवाही कर समाज में शांति व्यवस्था कायम रख सके ।बैठक में यूनिसेफ डी एम सी संजू झा ,नायब तहसीलदार नगर पंचायत के अध्यक्ष मिथिलेश जयसवाल, पूर्व चेयर मैन सविर अली, पूर्व चेयर मैन ऊगू अनुज दीक्षित ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल मिश्रा रघुनाथ शास्त्री और प्रधान पवन पाल , अवधेश, रणधीर सिंह,राम नारायण सहित कई प्रधानऔर क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे ।बैठक में थाना पुलिस के भी उप निरीक्षक और अन्य स्टाफ के लोग मौजूद थे।

पति से विवाद के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव रसीदपुर में पति से मुंबई साथ चलने की बात के बाद हुए विवाद से क्षुब्ध होकर पत्नी ने छत पर बने कमरे की छत में लगे कुंडे में दुपट्टे के सहारे फंदा लगा लिया ।पति ने कमरे का दरवाजा तोड़कर पत्नी को फंदे से उतारकर उन्नाव स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं ।क्षेत्र के रसीदपुर गांव निवासी रिंकू यादव की रायबरेली जिले के गांव सुरसना निवासी 27 वर्षीय रेशमा के साथ 2023 में शादी हुई थी ।रिंकू मुंबई में चाट का ठेला लगता हैं ।एक सप्ताह पूर्व गांव आया था ।बुधवार को वापस मुंबई जाना था ।जहां पत्नी रेशमा भी मुंबई साथ चलने की जिद करने लगी ।जिसपर रिंकू ने मना कर दिया ।इसी बात से नाराज होकर रेशमा छत पर बने कमरे का दरवाजा बंद कर छत में लगे कुंडे में दुपट्टे के सहारे फंदा लगा लिया ।किसी तरह दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे रिंकू ने आनन फानन में नीचे उतारकर उन्नाव स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया ।रिंकू की सूचना पर पहुंचे सीओ सोमेन्द्र विश्वास व नायब तहसीलदार आशुतोष पांडेय ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं ।रेशमा की मौत से पति रिंकू ,बेटा उदय प्रताप ,ससुर राजाराज रो रोकर बेहाल रहे ।कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि स्वजन ने आत्महत्या की तहरीर दी हैं ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। होली के पर्व को लेकर गंजमुरादाबाद पुलिस चौकी परिसर में शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी नम्रता सिंह ने की। पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी नम्रता सिंह ने कहा कि होली पर्व पर नशापान कर हुड़दंग मचाने और सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। जबरन किसी व्यक्ति को अबीर गुलाल नहीं लगाएंगे ताकि किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचे। इस मौके पर नायब तहसीलदार दीपक कुमार गौतम ने कहा कि होली का पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाये। अगर कोई शरारती तत्व के लोग आपसी सौहार्द को बिगड़ने का काम करता है तो संबंधित पुलिस चौकी व थाना में तुरंत सूचना दे आवश्यक कार्यवाही होगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने कहा कि पर्व के मौके पर गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद कामिल कुरैशी, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अरविंद सिंह, चौकी इंचार्ज राजेश कुमार मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष रामनरेश कुशवाहा, लाखन यादव, सभासद जब्बार, शहजाद खां, शोएब कुरैशी, फहीम अंसारी, गुफरान, सतवीर सहित अबरार खां उर्फ मुन्ना, इरफान खां, राम सजीवन यादव समाजसेवी फजलुर्रहमान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

खेत पर जा रही महिला के साथ दो युवकों ने की छेड़छाड़

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के एक गाँव निवासी महिला ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुऐ बताया कि वह कल बुधवार की शाम वह अपने खेत जा रही थी अभी वह गाँव के बाहर तालाब के पास पहुची ही थी कि उक्त गाँव निवासी राजू व प्रशान्त ने पीछे से आकर छीटाकशी करने लगे जब उसने इसका विरोध किया तो प्रशांत दौडकर आया छेडखानी करते हुऐ दबोच लिया इसी बीच राजू भी आ गया और जाति सूचक गालियाँ देते हुऐ कहा आज नही छोडुगा जिसके बाद प्रशांत ने लाठी डन्डो से जमकर मारापीटा ।वह अपने बचाव हेतू चिल्लाई जहाँ आसपास कामकर रहे लोग दौडकर आये और उसको बचाया। और जाते जाते धमकी दे गये कि आज तो बच गयी आगे कही रास्ते मे मिली तो जान से मार देगे ।कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शिकायती पत्र आया है छानबीन की जा रही है।

दुकान में लगी आग हजारों का सामान जलकर राख

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम असेहरू निवासिनी महिला माधुरी पत्नी लल्लू ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुऐ बताया कि उसने असेहरू गांव के पास उसने कॉस्मेटिक की दुकान खोली है जिसका कल बुधवार को शुभारम्भ हुआ था । जहाँ गुरुवार की सुबह गांव के लोगो ने दुकान मे धुआं उठने की जानकारी दी जिसमे वह दुकान पहुंची और ताला तोडकर अन्दर देखने पर सारा कास्मेटिक का सामान जल गया है। इसके पूर्व दलीगढी निवासी निगार ने उसको धमकी दी थी कि अगर दुकान खोला तो आग लगा दूँगा ।इसके पहले उसने चारपाई मे पैट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया था जिसमे पुलिस के द्वारा समझौता करा दिया था इसी कारण निगार ने ही दुकान मे आग लगाई। आग लगने से सारा सामान जलकर राख हो गया है ।कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शिकायती पत्र आया है जाँच की जा रही है।

बीआरसी केंद्र पर चार दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया समापन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित शिक्षक के चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ ।प्रशिक्षण के अंतिम दिवस उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों से कहा कि अपने-अपने विद्यालय को निपुण बनाए। प्रशिक्षक एआरपी रमेश चंद्र ने गणित शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए गणित किट एवं टीएलएम का अधिक से अधिक प्रयोग करने पर जोर दिया। प्रशिक्षक एआरपी छत्रपाल ने भाषा शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई शिक्षण सामग्री को प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में एआरपी अखिलेश कनौजिया ,अमित पटेल, वंदनापाल, रमेश चंद्र ,छत्रपाल एवं शिक्षक गंगा प्रसाद ,संजय कुमार ,दीपक वर्मा ,महेश कुमार ,अनुपम शुक्ला, अमित गुप्ता ,रागिनी ,जीवनी गौतम, शिप्रा ,मोहम्मद असलम, राहुल कुमार, रमेश चंद ,आनंद सिंह ,देवेंद्र प्रताप सिंह ,प्रतीक दीक्षित ,मनोज शंकर, अखिलेश प्रताप सिंह, कपिल कनौजिया, कृपाशंकर ,जय मंगल ,प्रेम सागर सहित एक सैकड़ा शिक्षक मौजूद रहे।

रहस्यमय ढंग से छात्रा लापता, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। नाबालिक छात्रा स्कूल पढ़ने गई रहस्य मय ढंग से गायब होने पर पिता ने थाना पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रावतपुर निवासिनी एक छात्र कक्षा 9 में पढ़ती है प्रतिदिन की भांति साइकिल से सरस्वती ज्ञान मंदिर शिक्षण संस्थान सिकंदरपुर कर्ण पढ़ने गई जब वापस घर समय पर नहीं आई तब घर वाले छानबीन करने लगे रास्ते में एक पान व पंचर की दुकान के पास साइकिल खड़ी मिली दुकानदार से पूछने पर उसने बताया कि एक लड़का प्लैटिना गाड़ी से आया था जो बैठाकर ले गया पता लगाने पर पता चला कि ग्राम अकबरपुर निवासी है छात्रा के पिता लड़के के घर पहुंचे तो उन्होंने कहा कि वह मंदिर गया है। लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं आया तब छात्रा के पिता ने संबंधित थाने में बृजेश यादव मुकेश यादव राजेश यादव अवधेश यादव पुत्रगण पुत्ती लाल यादव निवासी अकबरपुर के नाम तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

अवैध कच्ची शराब समेत महिला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गाँव से आबकारी विभाग द्वारा अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गयी। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अकवारा में मुखबिर की खास सूचना के आधार फुला पत्नी बाबूराम को मय माल 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए व करीब 300 किलो महुवा लहन के नष्ट करके गिरफ्तार कर लिया गया। आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया अवैध कच्ची शराब प्रतिबंधित है। उक्त अभियुक्ता पर अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

कथा व्यास ने श्री कृष्ण के 16108 विवाहों का किया वर्णन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के ग्राम गोशाकुतुब में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस कथा व्यास अवधेश कुमार अवस्थी ने श्री कृष्ण के 16108 विवाहों का वर्णन किया। साथ ही सुदामा चरित्र और रुक्मणी विवाह की कथा का वर्णन कर श्रद्धालु भक्तों को भाव विभोर कर दिया। भागवताचार्य श्री अवस्थी ने बताया कि कृष्ण सुदामा मिलन वस्तुतः आत्मा और परमात्मा के मिलन की गूढ़ कथा है। सभी आत्माओं का अलौकिक पिता परमात्मा है। उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि आत्मा अपने पिता से मिलने को सदैव लालायित रहती है और जब आत्मा का परमपिता परमात्मा से संबंध-संपर्क जुड़ जाता है, तब आत्मा पूर्ण संतुष्टि प्राप्त कर शांति का अनुभव करती है। आत्मा के पूर्ण समर्पण से परमात्मा भी उसे धन-धान्य से परिपूर्ण कर देते हैं ।गुरुवार दोपहर कथा विश्राम के बाद हवन और विशाल भंडारा का आयोजन कराया गया। भंडारे में सैकड़ों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। आज भागवत कथा में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार भी पहुंचे और कथा श्रवण कर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक देवी प्रसाद पाठक, अभिषेक पाठक, आशुतोष पाठक, अखिलेश पाठक, आकांक्षा पाठक, राजू तिवारी, छोटे तिवारी, सरस्वती त्रिपाठी, रचना पाठक, निरुपमा पाठक, रमन बाजपेई आदि भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती कर प्रसाद वितरित किया।

मतदाता जागरूकता अभियान की निकाली गई रैली

बांगरमऊ, उन्नाव। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज नगर पंचायत गंजमुरादाबाद द्वारा नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद कामिल कुरैशी व अधिशासी अधिकारी अरविंद सिंह ने किया। मतदाता जागरूकता रैली नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर गांधी मैदान होते हुए मुख्य चौराहा हरदोई उन्नाव मार्ग पहुंचकर पुलिस चौकी के पास से अहिराना होते हुए वापस कार्यालय पर आकर समाप्त हुई। रैली में लोगों को नारों के माध्यम से भी जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी अरविंद सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर पंचायत द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद कामिल कुरैशी ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सभी लोग अपना योगदान करें। रैली में लोगों को नारों के माध्यम से भी जागरूक किया गया। रैली में बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। लोकतंत्र की है पहचान, मत-मतदाता और मतदान। जैसे अनेकों नारे भी लगाए गए। इस मौके पर सभी कार्यालय कर्मचारी व सफाई कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी कर बरामद किया अवैध कच्ची शराब

अमन लेखनी समाचार

परियर, उन्नाव। लोकसभा चुनाव और होली पर्व शांति व्यवस्था कायम करने के लिए डीएम ने अवैध कच्ची शराब कारोबारियों की धरपकड़ करने के निर्देश दिए है ।जिसके अनुपालन में जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर के नेतृत्व में अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाये गए अभियान की कड़ी में आबकारी निरीक्षक पीपी टंडन ने टीम के साथ सफीपुर क्षेत्र के कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। जिसमे क्षेत्र के रामपुर गांव के एक बाग से 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करने में सफलता मिली ।वही दो कुंतल लहन नष्ट किया गया ।आबकारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई है।

अधिवक्ताओं ने सीएम संबोधित एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय तहसील बार एसोसिएशन के सदस्यों ने बीते बुधवार को तहसील हसनगंज में प्राइवेट कर्मचारी द्वारा अधिवक्ता के साथ मारपीट और फर्जी रिपोर्ट को लेकर तहसीलदार साक्षी राय को ज्ञापन सौंपा था। आज बार एसोसिएशन और अधिवक्ता एसोसिएशन दोनों के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नम्रता सिंह को सौंपकर आरोपी कर्मचारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग उठाई। दोनों एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि हसनगंज तहसील में नायब तहसीलदार के निजी वाहन चालक ने अधिवक्ता सुधीर सिंह के साथ मारपीट की और उल्टे नायब तहसीलदार अजगैन पूर्णिमा तिवारी द्वारा अधिवक्ता के खिलाफ फर्जी तरीके से रिपोर्ट भी दर्ज करा दी गई। इससे बार एसोसिएशन की गरिमा को ठेस पहुंची है। ज्ञापन में मांग उठाई गई है कि चूंकि अधिवक्ता भी अदालत का अधिकारी होता है। इसलिए अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज फर्जी रिपोर्ट को समाप्त करते हुए प्राइवेट चालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए। ज्ञापन देते समय बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शुक्ला व महामंत्री राजमणि हंस सहित रामभरोसे वर्मा, विष्णुकांत मिश्रा, मनोज सेंगर, मुजम्मिल अहमद, प्रतीक कटियार,रमेश द्विवेदी, महमूद आलम, ललित बाजपेई व परवेज आलम एवं अधिवक्ता एसोसिएशन अध्यक्ष सत्यपाल वर्मा व महामंत्री अजीत द्विवेदी सहित सत्यनारायण कनौजिया, अनिल वर्मा, योगेश लोधी आदि सदस्य गण शामिल थे।

चिंतन

पुतिन के सामने शांति का मार्ग चुनने का अवसर

विश्लेषण

अवधेश कुमार

रूस में अपेक्षित रूप से व्लादिमीर पुतिन की जीत वैश्विक स्तर पर पश्चिम की टेंशन बढ़ाने वाला है। पश्चिम की नाटो थ्योरी के मुखर विरोधी पुतिन के अधिक ताकतवर बनकर सत्ता में लौटने से अमेरिका व यूरोप के कुछेक देशों के लिए वैश्विक स्तर पर शक्ति प्रदर्शन करना आसान नहीं होगा। देखने वाली बात यह होगी कि पश्चिम पुतिन से कैसे निपटता है? पुतिन की जीत यूं तो रूसी लोकतंत्र की प्रायोजित जीत जैसी है, जिसमें जनता की मुहर केवल औपचारिता भर थी, लेकिन इस जीत की व्याख्या यूक्रेन से जंग के फैसले पर भी जनमत हासिल करने के रूप में की जाएगी। आज के रूस में, चुनावों का उद्देश्य अपने शासकों के निर्णयों को मान्य करना है, न कि लोगों की इच्छा के बारे में जानना है। रूस के इतिहास में आठवीं बार राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान हुआ है। पुतिन का फिर से राष्ट्रपति चुना जाना किसी के लिए भी हैरानी की बात नहीं है। साल 2000 में बोरिस येल्तसिन के स्थान पर राष्ट्रपति बने पुतिन ने चार साल का समय छोड़ कर, 24 साल तक देश पर प्रभावी रूप से शासन किया है। पुतिन ने स्पष्ट रूप से यूक्रेन में अपनी पसंद के युद्ध को पश्चिम के साथ व्यापक, दीर्घकालिक संघर्ष के रूप में प्रस्तुत किया है। उनका मानना है कि पश्चिम असंयमित है, पतन की ओर है और आसानी से विचलित हो जाता है। यूक्रेन को आगे की सैन्य सहायता पर पश्चिमी देशों की झिझक, पुतिन को और अधिक प्रोत्साहित करेगी। वे अपनी सफलता से उत्साहित होकर, आगे जोखिम भरे और उत्तेजक दुस्साहस पर उतर सकते हैं। ऐसे में पुतिन और ''पुतिनवाद'' की विचारधारा पश्चिमी सरकारों और नीति निर्माताओं के लिए एक गंभीर चुनौती होगी, जो आने वाले वक्त में दो विचारों में टकराव बढ़ाने वाली होगी। अमेरिका व ब्रिटेन खुले तौर पर रूस के विरोधी हैं, हालांकि जर्मनी, फ्रांस व नार्डिक देशों की लाइफलाइन रूस पर टिकी है, इसलिए अगले छह वर्ष तक अमेरिकी व रूसी टकराव दिखती रहेगी। पिछले तीन वर्ष से रूस यूक्रेन संग युद्ध कर रहा है, अमेरिका ने इसमें खुलकर यूक्रेन का साथ दिया है, नैतिक रूप से यह युद्ध भी रूस अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो के खिलाफ लड़ रहा है। अब पुतिन के फिर से सत्ता में लौटने के बाद यूक्रेन के साथ जंग को शांतिपूर्वक खत्म कराने में वक्त लग सकता है। मजबूत रूस व पुतिन वैश्विक भू- राजनीतिक परिदृश्य को और पेचीदा बनाएंगे। विश्व में शक्ति संतुलन के बहुध्रुवीय केंद्र द्विध्रुवीय केंद्र की ओर बढ़ते दिखाई देंगे। पुतिन ने जिस तरह युद्ध लड़ते हुए रूसी अर्थव्यवस्था को संभाला है, वह वैश्विक अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी प्रभाव के लिए नई चुनौती है। अब रूस, चीन एक मंच पर मुखर होंगे। हालांकि पुतिन के सामने यूक्रेन संग जंग को खत्म कर शांति का मार्ग अपनाने का अवसर है और रूस को और शक्तिशाली बनाते हुए वैश्विक समस्याओं के समाधान में भूमिका निभाने का मौका है। जियो पॉलिटिक्स में भारत ये सेतु के रूप में है जिसके अमेरिकी और रूसी दोने शक्ति केंद्र से मधुर संबंध हैं। ऐसे में पुतिन के इस नए कार्यकाल में भारत यूएन में अपनी स्थाई सदस्यता का लक्ष्य हासिल कर सकता है। पुतिन के जरिये चीन को साधा जा सकता है। नव-उदारवादी विचारधारा ने विश्व में अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है, हमें यह भी मानना होगा कि जब असमानता बड़े पैमाने पर होती है तो लोकतंत्र का स्वरूप भी बदलने लगता है। आधुनिक लोकतंत्र को नवीनीकरण की जरूरत है, वरना इस पर छिपी हुई निरंकुशता में ढक जाने का खतरा है।

परिवर्तन

विवेक शुक्ला

पुर्तगाली अतीत से सनातन की ओर लौटता गोवा

गोवा की इमेज इस तरह की बनाई जाती रही कि मानो ये भारत में यूरोप का कोई अंग हो। हां, गोवा पर लंबे समय तक पुर्तगाल का नियंत्रण रहा। उसका असर होना लाजिमी है पर गोवा अब अपने सनातन और भारतीय मूल्यों से जुड़ने को बेकरार है। शताब्दियों लंबे विदेशी प्रभाव और हस्तक्षेप के बावजूद गोवा लगातार भारतीय परंपरा के साथ जुड़ा रहा। जिस गोवा के सांस्कृतिक आकर्षण को लेकर कभी एलेक पद्मसी जैसे दिग्गज लेखक कहते थे कि समुद्र के किनारे भारत का यह हिस्सा वेस्टर्न कल्चर का ईस्टर्न गेटवे है, वह गोवा आज सनातन और अध्यात्म के साथ अपने क्लचरल डीएनए पर नाज कर रहा। गोवा का यह नाज वहां के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत के संकल्प के साथ और मजबूत हुआ है। उन्होंने गोवा के पर्यटन को आध्यात्मिक राष्ट्रवाद का नया टैंपलेट दिया है।

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है, पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है। भारतबोध की समझ और रोशनी में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को देखने की ललक आज हर तरफ देखी जा रही है। ललक की इस लाली में जहां स्वाधीनता को लेकर भारतीय मूल्य की गहरी जड़ों की हम शिनाख्त कर पाए हैं, वहीं गोवा मुक्ति संघर्ष जैसे सुनहरे पन्ने भारत के गौरवशाली इतिहास से प्रमुखता से जुड़ रहे हैं। गोवा को पुर्तगालियों के 450 सालों के राज से 19 दिसंबर 1961 को आजादी मिली थी जब भारतीय सेना ने कार्रवाई करते हुए सिर्फ 36 घंटे में गोवा को आजाद कराया था। तब से हर साल 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। समाजवादी चिंतक और राजनेता डॉ. राममनोहर लोहिया की चर्चा किए बगैर गोवा की आजादी की बात अधूरी ही रहेगी। लोहिया जी ने 18 जून, 1946 को मडगांव में पुर्तगाली औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ गोमंतकों में संघर्ष करने का आहवान किया था। गोवा के लोग लोहिया जी का ऋणी मानते हैं, जबकि डॉ. लोहिया कहा करते थे-मेरा गोवा पर नहीं, गोवा का मुझ पर ऋण है।

गोवा भारतीय आस्था और परंपरा का स्वर्ण कलश बनके जगमगा रहा है, वह अभूतपूर्व है। बड़ी बात यह कि गोवा की इस चमक में विरासत और विकास का वह गुणसूत्र भी हमें दिखता है, जिसकी बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों हर मंच से कर रहे हैं। बेशक,डॉ. प्रमोद सावंत आज जब अपने प्रदेश की परंपरा और संस्कृति के बारे में बात करते हैं तो यह साफ दिखता है कि वे अपने प्रदेश के विकास और समृद्धि के बीज सनातन मूल्य में देखते हैं, भारत की अध्यात्म यात्रा में देखते हैं। राजनीतिक तौर पर देखें तो गोवा वह राज्य है, जहां जनसंघ के जमाने से भाजपा की जड़ें गहरी रही हैं। पंडित दीनदायाल उपाध्याय अक्सर कहा करते थे कि गोवा ने न सिर्फ पुर्तगालियों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया, बल्कि गुलामी के खिलाफ भारतीय मूल्य और संस्कार का शानदार आदर्श भी दुनिया के सामने रखा। अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा। इतिहास बताता है कि गोवा भारत का वह हिस्सा है, जहां मंदिरों का पुनर्निर्माण हुआ। 16वीं शताब्दी में जो मंदिर पुर्तगालियों ने नष्ट किया था, उस सप्त कोटेश्वर मंदिर को छत्रपति शिवाजी जी ने बनवाया। आज जब सावंत सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए इस मंदिर के पुनरुद्धार का बीड़ा उठाया है तो यह निस्संदेह एक बड़ी सांस्कृतिक पहल है। श्रेय देना होगा वहां के मुख्यमंत्री डॉ. सावंत को कि वे यह सब शोर-शराबे के बजाय धीर औऱ प्रशांत चित्त के साथ कर रहे हैं। उनका संकल्प और उनकी प्रतिबद्धता गोवा के सांस्कृतिक इतिहास का ऐसा आख्यान साबित होने जा रहा है, जिसका मूल्यांकन महज राजनीतिक आधार पर नहीं किया जा सकता।

धनबल मुक्त चुनाव की दरकार

चुनाव आयोग द्वारा मतदान तिथियों की घोषणा के साथ लोकसभा चुनाव की औपचारिक शुरुआत हो गई है। जैसा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि विश्व के कई महाद्वीपों की जनसंख्या से ज्यादा हमारे देश के मतदाताओं की संख्या है। कुल मतदाताओं की संख्या 96.88 लाख करोड़ है। इस चुनाव में 10.5 लाख मतदान केंद्र होंगे जहां 55 लाख से ज्यादा इवीएम में लोग वोट डालेंगे। विश्व के किसी कोने के आम व्यक्ति को एहसास भी नहीं होगा कि इतना बड़ा चुनावी व्यवस्था और तंत्र कहीं संभव है। वास्तव में भारतीय संसद के निचले सदन लोकसभा चुनाव पर हमेशा से विश्व की दृष्टि रही है। विश्व के नेताओं और विश्लेषकों में आज भी ऐसे लोग हैं जो भारत के इतने बड़े चुनाव के शांतिपूर्ण संपन्न हो जाने पर आश्चर्य व्यक्त करते हैं। स्वतंत्रता के बाद देश में 17 आम चुनाव तथा लगभग 400 विधानसभा के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। अगर छोटे चुनावों को देखें तो 16 राष्ट्रपतियों एवं उपराष्ट्रपतियों का चुनाव भी इसी तरह संपन्न कराया जा चुका है।

निश्चित रूप से इसमें चुनाव आयोग की प्रमुख भूमिका होती है लेकिन राजनीतिक प्रतिष्ठान और मतदाताओं का अपनी व्यवस्था के प्रति सम्मान एवं अनुशासन नहीं हो तो यह संभव नहीं हो सकता। हम अपनी व्यवस्था , राजनीतिक दलों, मतदाताओं की सोच और व्यवहार की आलोचना करते हैं पर संसदीय लोकतंत्र का जो ढांचा, उससे जुड़ी हुई जो व्यवस्थाएं हमारे समक्ष उपस्थित हैं और विश्व समुदाय की प्रशंसा पाती हैं, वह इनके बगैर संभव नहीं हो सकता। इस चुनाव की विशेषता यह है कि पहली बार 1 करोड़ 82 लाख मतदाता पहली बार अपना वोट डालेंगे। 20 वर्ष से 29 वर्ष के बीच के मतदाताओं की संख्या 19 करोड़ 74 लाख है। इतनी बड़ी युवा आबादी किसी देश का भविष्य होती है और मतदान द्वारा भविष्य के सत्ता और विपक्ष की भूमिका तय करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

कोई भी व्यवस्था संपूर्ण रूप से दोषरहित नहीं होती। किंतु इतनी संख्या में मतदाताओं को संभालने के लिए लगभग 1.5 करोड़ चुनाव अधिकारी और सुरक्षा कर्मियों के साथ 2100 पर्यवेक्षकों की भूमिका होती है। कुल 3 लाख 40 हजार से अधिक सुरक्षा बल के जवान तैनात होंगे। लोकसभा चुनाव हम सबको अपने उत्तरदायित्वों का भान कराता ही है यह अवसर इसका भी अहसास कराता है कि जिन्हें हम हर स्तर पर सत्ता शीर्ष पर देखते हैं केवल उनकी ही भूमिका हमारी व्यवस्था तंत्र को आगे ले जाने और बनाए रखने में नहीं होती। भारी संख्या में लोग समय-समय पर इसमें योगदान करते रहते हैं। यह देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की संवेदनशीलता है जिसमें चुनाव आयोग यहां तक घोषणा कर चुका है और इसकी व्यवस्था भी है कि जो मतदाता मतदान केंद्रो तक पहुंचने की स्थिति में नहीं हैं वह घर से मतदान का विकल्प चुनते हैं तो उन्हें उपलब्ध होगा। अगर कहीं एक मतदाता ऐसा होगा तो उसके भी मतदान की व्यवस्था कराई जाएगी। यह पहली बार होगा जब पचासी से अधिक उम्र और 40

प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांग वाले अपने घर से मतदान कर सकेंगे। चुनाव आयोग द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार 85 वर्ष से अधिक उम्र के 82 लाख पंजीकृत मतदाता है, जबकि 2.38 लाख मतदाताओं की उम्र 100 वर्ष से अधिक है। यानी इन मतदाताओं ने देश का पहला आम चुनाव भी देखा होगा या इनमें से कुछ ने मतदान भी किया होगा। 88.35 लाख दिव्यांग मतदाताओं की संख्या है। व्यवस्था में कमियां हैं किंतु यही इनको लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अंग बनाने की तैयारी भी दिखाता है।

यही अप्रोच हमारे चुनाव प्रणाली को आज काफी सहज, सरल, सुगम और सुरक्षित बनाने में प्रमुख कारण रहा है। अगर एप्रोच में संवेदनशीलता और स्पंदनशीलता नहीं हो तो न इतना ज्यादा मतदाता जागरूकता अभियान चलाने और न ही सुरक्षा से लेकर मतदान को भ्रष्टाचार व कदाचार से मुक्त रखने के लिए इतना भारी भरकम तंत्र उपयोग में लाया जाता। एक समय था जब भारत में महिलाओं का मतदान प्रतिशत कम होता था। किंतु अब यह स्थिति बदली है। विधानसभाओं से लेकर लोकसभा चुनावों में अनेक स्थानों पर मतदान करने वाली महिलाओं की संख्या ज्यादा रही है। वैसे भी 12 राज्यों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से ज्यादा हो गई है। यानी महिलाओं में भी स्वयं को मतदाता के रूप में पंजीकृत कराने की जागरूकता बढ़ी है। इसकी कल्पना काफी पहले नहीं थी। चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि लगातार आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ रहा है। यह सब यूं ही नहीं हुआ है। चुनाव आयोग और अन्य संस्थाएं मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हैं तो इसके साथ अगर मतदाताओं को अपनी सुरक्षा का विश्वास नहीं हो तो काफी संख्या मतदान केंद्रों तक नहीं जाएंगे। देश में जब राजनीति के अपराधीकरण का दौर था, बाहुबली मत लूटते थे, हत्या तक करते थे तब काफी संख्या में आम लोग मतदान करने से दूर रहते थे। यह स्थिति बदल गई है। इनमें चुनाव आयोग, न्यायपालिका मीडिया सबकी भूमिका है। किंतु राजनीतिक दलों को अलग कर दें तो इसका विश्लेषण पूरा नहीं होगा। दलों ने अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को अपने यहां स्थान दिया, उनको महत्व दिया, टिकट दिया, विधायक व सांसद से लेकर मंत्री तक बनाया। किंतु दूसरी ओर दलों ने उनके विरुद्ध आवाज भी उठाई और अनेक दलों ने धीरे-धीरे ऐसे लोगों को अपने यहां महत्व देना कम किया है। चुनाव आयोग ने कई बातें कहीं हैं जो हम सबके लिए चिंता का विषय होना चाहिए। इस बात पर चिंता व्यक्त किया है कि पिछले विधानसभा चुनावों में 3400 करोड़ अवैध धन पकड़े गए। यह बहुत बड़ी राशि है और लोकसभा चुनाव में भी न जाने कितने करोड़ पकड़े जाएंगे। वास्तव में बाहुबलियों के प्रभाव से चुनाव काफी हद तक मुक्त हुआ है लेकिन धनबल का वर्चस्व बढ़ता गया है। हर चुनाव में देखा गया है कि अलग-अलग तरीकों से उम्मीदवार के लोग मतदाताओं तक धन पहुंचाने की कोशिश करते हैं। धनबल के प्रभाव पर आयोग ने चिंता व्यक्त की है तो यह सबकी जिम्मेदारी है कि आयोग और प्रशासन को सहयोग करते हुए चुनाव को धन के प्रभाव से मुक्त करने में सहयोगी बने। इसी तरह चुनाव आयोग ने फेक न्यूज़ को लेकर बात की है। सोशल मीडिया और कई बार मुख्य मीडिया के माध्यम से अलग-अलग तरीकों से ऐसे झूठ फैलाए जाते हैं जो पहली दृष्टि में देखने पर लगते हैं सच ही होंगे। किसी आरोप में ऐसे झूठे आंकड़े और तथ्य होते हैं तथा स्रोत तक लिख दिए जाते हैं जिनका कोई अता-पता नहीं होता। इसी तरह जातीय सांप्रदायिक वोटों के ध्रुवीकरण की दृष्टि से भी झूठ समाचार फैलाने की लगातार कोशिश होती है। इन सब पर दृष्टि रखना, इसके पीछे के लोगों को पकड़ना तथा इन्हें नियंत्रित करना अत्यंत कठिन कार्य है। इसमें आम

वास्तव में बाहुबलियों के प्रभाव से चुनाव काफी हद तक मुक्त हुआ है लेकिन धनबल का वर्चस्व बढ़ता गया है। हर चुनाव में देखा गया है कि अलग-अलग तरीकों से उम्मीदवार के लोग मतदाताओं तक धन पहुंचाने की कोशिश करते हैं। धनबल के प्रभाव पर आयोग ने चिंता व्यक्त की है तो यह सबकी जिम्मेदारी है कि आयोग और प्रशासन को सहयोग करते हुए चुनाव को धन के प्रभाव से मुक्त करने में सहयोगी बने। इसी तरह चुनाव आयोग ने फेक न्यूज़ को लेकर बात की है। सोशल मीडिया और कई बार मुख्य मीडिया के माध्यम से अलग-अलग तरीकों से ऐसे झूठ फैलाए जाते हैं जो पहली दृष्टि में देखने पर लगते हैं सच ही होंगे।

'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूढ़ते हैं दोष

संकलित

दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े

संकलित

प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है।

आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

अंतर्मन



आज की पाती

सूर्योदय योजना से बिजली क्षेत्र में आएगा सुधार

मोदी सरकार की सूर्योदय योजना देश में बिजली की किल्लत को दूर करने वाली योजना है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सौभाग्य योजना को शुरू किया है जिसका उद्देश्य देश के दूरदराज के गांवों तक हर घर बिजली पहुंचाना है, लेकिन जब बिजली का उत्पादन ही कम होगा तो यह योजना कैसे अपनी मंजिल तक पहुंचेगी? अगर सरकार सूर्योदय योजना पर गंभीरता से काम करे तो देश के दूरदराज के गांवों तक भी बिजली सुविधा उपलब्ध हो सकती है। हमारे देश में अभी भी बिजली संकट का सामना कुछ राज्यों को करना पड़ता है, खासतौर पर गर्मियों में।

- सूरज कुमार मिश्रा, भिलाई

ट्रेंड

पुतिन को बधाई

पुतिन की जीत रूस के लोगों के उनके प्रति समर्थन को दर्शाती है। उनको बधाई, हाल के वर्षों में रूस के लोगों के बीच एकजुटता बढ़ी है, चुनौतियों का बखूबी से सामना किया है और देश के विकास और पुनरोद्धार की दिशा में लगातार प्रगति की है।

-शी चिनफिंग, राष्ट्रपति, चीन

ऑनलाइन मतदान

वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग व्यक्तियों और सुरक्षा सेवाओं से जुड़े लोगों को ऑनलाइन मतदान की सुविधा प्रदान कर इस सेवा की शुरुआत की जानी चाहिए। राजनीतिक दल भौतिक सार्वजनिक बैठकों की संख्या में कटौती करने की संभावना पर विचार करें।

- टी.एस. कृष्णमूर्ति, पूर्व सीईसी

प्रशासन ने विघ्न डाला

हम लोकसभा चुनावों के साथ ही (बिस) चुनाव भी चाहते थे लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। जम्मू कश्मीर के मौजूदा प्रशासन ने चुनाव कराने में विघ्न डाला क्योंकि वे जनता को दोबारा सत्ता नहीं सौंपना चाहते। वे बेताज बादशाहों की तरह शासन कर रहे हैं। -उमर अब्दुल्ला, पूर्व सीएम

नवाज किंगमेकर

एमएनएस (मियां नवाज शरीफ) की उस कोठरी को देखना भावनात्मक क्षण है, जहां तीन बार के प्रधानमंत्री को रखा गया था। नवाज आज 'किंगमेकर' हैं जबकि उनके उत्पीड़क कहीं नहीं हैं।

-मरयम नवाज, सीएम, पाक पंजाब

करंट अफेयर

इजराइल के लोग तय करेंगे कब चुनाव हो

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के साथ विनाशकारी युद्ध के बीच अपने नेतृत्व के खिलाफ अमेरिका की बढ़ती आलोचना पर रविवार को पलटवार किया और नए सिरे से चुनाव के आह्वान को पूरी तरह से अनुचित बताया। हाल के दिनों में अमेरिकी सीनेट के बहुसंख्यक नेता चक शूमर ने इज़राइल से नए सिरे से चुनाव कराने का आह्वान करते हुए कहा था कि नेतन्याहू रास्ता भटक चुके हैं। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शूमर के भाषण का समर्थन किया था। इससे पहले बाइडेन गाजा में बड़ी संख्या में नागरिकों की मौत को लेकर नेतन्याहू पर इजरायल को नकसान पहंचाने का आरोप लगाया था।

ऑफ बीट

ऑनलाइन स्वास्थ्य दावों को मिल रहा है बढ़ावा

'मैं बोरेक्स पीता हूँ!' टिकटॉकर मुस्कुराते हुए यह घोषणा करती है। लॉन्ड्री एडिटिव का एक डिब्बा हाथ में लेते हुए, वह इसके कथित स्वास्थ्य लाभों की एक सूची बताती है: 'टेस्टोस्टेरोन और एस्ट्रोजन को संतुलित करता है। यह एक पावरहाउस प्रदाह रोधी है... यह गठिया, ऑस्टियोपोरोसिस के लिए अद्भुत है... और जाहिर तौर पर यह आपके पेट के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा है।' इस तरह के वीडियो ने स्वास्थ्य अधिकारियों को जनता को इस जहरीले डिटर्जेंट के सेवन के खतरों के बारे में चेतावनी देने के लिए प्रेरित किया – और ऐसे वायरल संदेशों से दूर रहने को कहा जो निराधार और चिकित्सकीय रूप से खतरनाक स्वास्थ्य दावों को बढावा देते हैं।

संक्षेप

ट्रक टैंकर ने मोटरसाईकिल को मारी ठोकर, एक की हुई मौत

मृतक की एक वर्ष पूर्व हुई थी शादी, दुल्हन बनी विधवा

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित रुकनापुर बाजार में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। आपको बता दे थाना फखरपुर क्षेत्र के ही रामापुर टेडवा अलपी मिश्र निवासी सुभम वर्मा पुत्र रामकेवल वर्मा उम्र लगभग 25 वर्ष जो मामा के यहाँ लखनऊ गए हुए थे।कैसरगंज की तरफ से अपने घर फखरपुर की तरफ मोटरसाईकिल से अकेले आ रहे थे की दूसरी तरफ से आ रही टैंकर वाहन ने रुकनापुर बाजार में जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर ही शुभम की मृत्यु हो गयी और मोटरसाईकिल बिलकुल क्षतिग्रस्त हो गयी। शुभम वर्मा की शादी अभी एक वर्ष पूर्व ही हुई थी की दुल्हन का सुहाग उजड़ गया। घटना की जानकारी फखरपुर की पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी कुंडासर अमित कुमार गुप्ता ने शव को कब्जे में लेकर पंचानामा कर पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया है।

गैस सिलेंडर लीकेज होने से लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख

इमरान व राशिद ने सूझ बूझ से सिलेंडर को आग से निकाला बाहर

कैसरगंज, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र के चकसौगहना रुकनापुर में मुमताज अहमद पुत्र अलीशेर के घर पर बीती रात लगभग 8 बजे परिवार खाना बना रहीं थी की गैस सिलेंडर में लीकेज होने से सिलेंडर में आग लग गयी। देखते ही देखते आग बेकाबू हो गया और रसोई घर में रखा फ्रिज गैस चूल्हा बर्तन राशन सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया। चीख पुकार सुनकर लोग दौड़े किसी की हिम्मत नहीं हुई की आग को काबू कर सके। उसी भीड में मौजूद नवयुवक इमरान और राशिद ने बड़ी बहादुरी और सूझ बूझ से सिलेंडर को बाहर निकाला और आग को काबू किया। सिलेंडर फटने से बचा जिससे बड़ी दुर्घटना होने से टल गया। मुमताज ने बताया की राशन का सामान सब जलकर राख हो गया। खाने के लिए कुछ सामान भी नहीं बचा बहुत अधिक नुकशान हो गया।

एटा में ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

एटा, एटा पुलिस ने साइबर क्राइम के माध्यम से ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने उसके दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। वहीं दो सदस्य भागने में सफल रहे हैं। थाना साइबर क्राइम पुलिस के अनुसार भोले भाले लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी करने वाले दो शातिर अन्तर्राज्यीय अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। उनके कब्जे से 6 मोबाइल फोन, दो पासबुक, दो चेक बुक और एक एटीएम सहित 450 रुपये बरामद किए गए हैं। वादी अमित कुमार पुत्र राजीव कुमार निवासी ग्राम दतेई थाना मिरहची द्वारा थाना मिरहची पर इस आशय की लिखित सूचना दी गयी।

मोटर साईकिल चोरो के गिरोह का पर्दाफाश

- चोरी की 21 मोटर साइकिल बरामद व तीन चोर गिरफ्तार
- चोरो के पास से 01 नाजायज तमन्चा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस, 02 नाजायज चाकू बरामद

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/मो. कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी व चोरी गये वाहनो की बरामदगी व चोरो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा० पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह, विजय कुमार व संतोष कुमार यादव मय हमराही पुलिस बल द्वारा बीते गुरुवार को रात्रिगस्त मे आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ICP चौराहे पर बैरियर लगाकर आने जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियो व वाहनो की चेकिंग के दौरान समय 00.40 बजे एक मोटर साइकिल पर तीन व्यक्तियो को रोका व चेक किया गया। पूछताछ के दौरान शंका होने पर मोटर पर बैठे तीनों व्यक्तियों क्रमशः प्रेम कुमार चौहान पुत्र तीरथ राम चौहान निवासी ग्राम एरिया पो० बभनौटी शंकरपुर थाना हरदी जनपद बहराइच उम्र करीब 23 वर्ष, तीरथ राम मौर्य पुत्र कोईली मोर्य निवासी लोनियन पुरवा दा० एरिया थाना हरदी जनपद बहराइच उम्र करीब 31 वर्ष, जय जय राम यादव पुत्र रंगीलाल यादव निवासी ग्राम नौरंगपुरवा मौजा भगवानपुर थाना हरदी जनपद बहराइच उम्र करीब 22 वर्ष की जामा तलाशी ली गयी तो प्रेम कुमार उपरोक्त के कब्जे से एक अदद देसी तमंचा 315 बोर तथा दो अदद जिन्दा कारतूस तथा तीरथ राम मौर्या व जय जय राम यादव की जामा तलाशी मे एक- एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ। पकड़े गये उक्त व्यक्तियों से रात्रि के समय में हरदी क्षेत्र से रुपईडीहा क्षेत्र में आने के सम्बंध में गहनता से पूछताछ करने पर तीनों ने बताया कि हम तीनों बहराइच जिले तथा अन्य जनपदों में मोटरसाइकिल की चोरी करते हैं, हम तीनों का एक गैंग है। हम लोग मोटरसाइकिल चोरी कर जंगल के रास्ते नेपाल में जाकर बेच देते हैं। कट्टा तथा चाकू हम लोग अपनी सुरक्षा के लिए रखते हैं। तत्पश्चात अभियुक्तगण से और पूछतांछ करनें पर तीनों अभियुक्तगण ने बताया कि हम तीनों ने जनपद सीतापुर, जनपद बहराइच, जनपद लखनऊ व जनपद बाराबंकी से कुल 21 मोटरसाइकिल की चोरी किया है, एक चोरी की मोटरसाइकिल आप लोगों ने पकड़ लिया है, शेष 20 गाड़ियां हम लोगों ने चकिया रोड पर बक्शी जंगल में एक खंडहर मकान तथा उससे सटे खाली पक्के टैंक में पत्तों से ढक कर रखा है आज हम लोगों ने सभी गाड़ियों को बेचने के लिए नेपाल के व्यक्ति को जंगल में बुलाए थे जहां से नेपाल सटा हुआ है। अभियुक्तगण की निशानदेही पर बक्शी गांव जंगल पहुंचकर तीनों अभियुक्त जंगल के किनारे खंण्डर मकान तथा टैंक के पास अभियुक्तगण की निशानदेही पर कुल 20 मोटरसाइकिल चोरी की बरामद की गयी। उपरोक्त चोरी की मोटर साइकिले व अवैध कट्टा व कारतूस व अवैध चाकू बरामद होने के सम्बंध में थाना रूपईडीहा पर मु0अ0सं0 145/2024 धारा 411/413/ 420/467/ 468/471 भादवि व 3/4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्तगण को जिला न्यायालय बहराइच रवाना किया गया।

आंधी-ओला सह लेने वाला नवीन प्रजाति का गेहूँ जल्द होगा तैयार

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. शशिकांत बरगाह एवं वैज्ञानिक वीपी सिंह ने बताया कि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा विकशित गेहूँ की नयी प्रजाति के-1317 कमाल कर रही। सूखाग्रस्त क्षेत्रों के लिए तैयार गेहूँ की यह प्रजाति दो वर्षों से ओला, आंधी-तूफान और अधिक वर्षा के बाद भी बिना किसी नकुसान के भरपूर पैदावार दे रही है। सिंचाई न मिलने पर भी यह प्रजाति 40-45 कु. तक गेहूं की पैदावार में सक्षम है। केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर पीके सिंह एवं सुनील कुमार ने बताया कि इस प्रजाति को बुन्देलखंड , राजस्थान व मध्य प्रदेश के सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लिए तैयार किया गया है। विश्वविद्यालय के शोध कृषि प्रक्षेत्र पर अलग अलग हिस्सों में तैयार किया जा रहा है। एक हिस्से में दो बार सिंचाई की गयी और दूसरे हिस्से में प्राकृतिक वर्षा का सहारा लिया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने बताया की सिंचाई नहीं मिलने पर इस प्रजाति का प्रति हैक्टैयर उत्पादन 40-45 कु.उत्पादन पाया गया जबकि सिंचाई करने पर इसका उत्पादन 55-60 कु. है। इस वर्ष प्रतिकूल मौसम में फसल अन्य प्रजातियों की खराब हुई, जबकि प्रजाति के-1317 पर मौसम का कोई असर न दिखा। प्रक्षेत्र प्रवन्धक डॉक्टर सूर्य बली सिंह ने कहा कि अब किसानो तक इस प्रजाति के बीज को पहुँचाया जायेगा, ताकि मौसम की प्रतिकूलता में भी फसल उत्पादन प्रभावित न हो सके और कम सिंचाई से पानी की खपत कम होती है। इस प्रजाति के गेहूँ में पोषक तत्व भरपूर है जिसमें प्रोटीन 12.5 प्रतिशत, 43.8 पीपीएम आयरन, 38.3 पीपीएम जिंक उपलब्ध है। जिस वजह से यह गेह एनीमिया रोग के निदान में भी सहायक है और बच्चों के विकास में भी मददगार हो सकता है। सम्बन्धित प्रजाति का गेहूं लगाने पर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मुलायंकन भी किया जाएगा।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के क्षमता संवर्धन के लिए तीन दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

अब नए कलेवर में दिखेगा आंगनबाड़ी केंद्र

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। विकास क्षेत्र नवाबगंज अंतर्गत कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के क्षमता संवर्धन हेतु तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज में किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में संदर्भदाता विपिन प्रताप वर्मा व सुशील कुमार पोरवाल ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य प्रावधानों, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2022 तथा विभाग द्वारा प्राप्त पुस्तकों पहल, परिकलन-2, परिकलन-3 आदि के बेहतर उपयोग की जानकारी दी। संदर्भदाता विपिन प्रताप वर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 3 से 4 आयुवर्ग 4 से 5 तथा 5 से 6 आयुवर्ग के बच्चों को 52 सप्ताह के मैनुअल पर आधारित कार्य योजना पर कार्य करने की विस्तृत जानकारी दी गई। संदर्भदाता सुशील कुमार पोरवाल ने प्रतिभागियों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध चित्र, चार्ट, पोस्टर तथा अन्य सहायक सामग्रियों के बेहतर उपयोग की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यशाला में ममता वर्मा, सुन्दर पति, माधुरी जायसवाल, दीपा, रूपरानी , मीना तिवारी, नीलम वर्मा, रीता त्रिपाठी, कल्पकृति, सुशीला देवी सहित कुल 54 आगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही। प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन संबोधित करते हुए संदर्भदाता विपिन प्रताप वर्मा ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का सम्यक प्रयोग करते हुए नन्हें- मुन्ने बच्चों के चतुर्दिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

चुनाव संचालन समिति की बैठक में हुई बूथ जिताने की चर्चा

अमन लेखनी समाचार/विक्रम मिश्रा

पयागपुर, बहराइच। बृहस्पतिवार को भाजपा की पयागपुर विधान सभा क्षेत्र की चुनाव संचालन समिति की बैठक भाजपा कार्यालय विशेश्वरगंज में हुई। जिसमे पूरे क्षेत्र के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। बतौर मुख्यवक्ता विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी लोकसभा संयोजक अकबाल बहादुर तिवारी, लोकसभा प्रभारी संजय कैराती ने कार्यकताओं से मिशन 2024 के लिए कमर कस लेने को कहा।

विधायक सुभाष त्रिपाठी ने इस बार रिकॉर्ड मातो से पयागपुर विधान सभा क्षेत्र से भाजपा लोक सभा के प्रत्याषी को जिताने का आवाहन किया। उन्होंने हर बूथ पर जीत हासिल करने को लेकर मंडल संगठन को टिप्स दिए। संचालन मंडल अध्यक्ष राजकुमार शुक्ल ने किया। इस अवसर पर विधान सभा संयोजक निशंक त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष खटका अनिल सिंह, हुजूर पुर के ओम प्रकाश यादव, पयागपुर के राम गोपाल शुक्ल, वरिष्ठ कार्यकर्ता पी डी सिंह, धनलाल पाण्डेय, विजय शंकर द्विवेदी, संतोष तिवारी, आनन्द पाण्डेय, संतोष गौतम अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त बच्चों को किया सम्मानित

बच्चों के प्रोत्साहन के लिए प्रधानाध्यापक की अनूठी पहल

सम्मान पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत 18 मार्च को उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबागंज में आयोजित ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय सतीजोर से प्रतिभाग करने तथा प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों को प्रधानाध्यापक सोहराब खां ने विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में किया सम्मानित। विद्यालय परिसर में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों सहित विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे। सम्मानित किए जाने वाले बच्चों में मन्तशा, शालिया, दिलशाद अली, जीशान, अफसाना, सायमा खातून आदि शामिल हैं।

प्रधान ने ग्रामीणों के साथ तहसील मे कोटेदार के विरुद्ध की शिकायत

अभद्रता व घटतौली किये जाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। विकासखंड कैसरगंज के ग्राम पंचायत मतरेपुर के दर्जनो ग्रामीणो ने ग्राम प्रधान प्रीति व प्रधान प्रतिनिधि राजीव सिंह के नेतृत्व में तहसील कैसरगंज पहुंचकर कोटेदार के विरुद्ध खाद्यान्न न बांटने घटतौली करने व अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए एक प्रार्थना पत्र जो उप जिलाधिकारी को सम्बोधित था। नायब तहसीलदार ब्रम्हादीन यादव को ज्ञापन सौपा। ग्रामीणो ने बताया कि मतरेपुर कि कोटेदार स्वयं खाद्यान्न न बांटकर बल्कि एक अन्य व्यक्ति को गल्ला बांटने के लिए रख रखा है। जो ग्रामीणों से अभद्रता करता है तथा निर्धारित माप के अनुसार गल्ला न देकर घटतौली भी करता है जिससे गांव की जनता बेहद परेशान है। ग्राम प्रधान ने कोटेदार के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर उचित कार्रवाई की जाने की मांग की है।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। थाना क्षेत्र पयागपुर अंतर्गत ग्राम चेतरा दा0 ईमलियागंज निवासिनी सहिबुन निशा उम्र पच्चीस वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका का पति सुभान अली खेती किसानी कर परिवार की जीविका चलाता था। मृतका के पास दो बच्चे है पहला पांच वर्ष दूसरा 6 माह का है। मां की मृत्यु से नौनिहाल के सिर से मां का साया उठ गया। मौके पर क्षेत्राधिकारी पयागपुर, पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। थाना अध्यक्ष कमला शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि शव का पंचनामा कर पीएम हेतु भेज दिया गया, रिपोर्ट आने पर अगली कार्यवाही की जाएगी।

सुल्तानपुर में किशोरी पर हमले का मामला, केस दर्ज

लखनऊ में जिंदगी-मौत से जूझ रही पीड़िता, छेड़खानी और चोरी के एंगल पर जांच शुरू

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर के जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत गुड़बड गांव में किशोरी पर जानलेवा हमले के केस में मां की तहरीर केस दर्ज हुआ है। बता दें कि घर में चाय बनाने गई किशोरी का संदिग्ध परिस्थितियों में गला कटा मिला था, जिसका ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज चल रहा है। फॉरेंसिक टीम ने कुछ एविडेन्स जुटाए हैं। वहीं पुलिस चोरी और छेड़खानी के एंगल पर जांच कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल पर पड़ताल के लिए जब अनिता के घर पहुंची तो सबसे पहले उसके कमरे के दरवाजे पर कपड़ा लटका मिला। अंदर जाकर देखा गया तो बेड पर उसका सामान और कपड़ा बिखरा पड़ा था। बगल में अलमारी का दरवाजा खुला था। नीचे फर्श पर खून के छींटें मिले हैं। मौके पर पुलिस को खून से लथपथ एक कपड़े का थैला और चाकू भी मिला है। कमरे में खून से रंगे पैर के निशान भी पुलिस को दिखे हैं। घर में आगे और पीछे की तरफ दो दरवाजे हैं और दोनों सड़क पर बाहर निकलते हैं। घर के छत पर सीढ़ियों वाला हिस्सा भी खुला है। इससे शक जताया जा रहा है कि चोरी के इरादे से चोर घर में घुसे थे। जब बेटी अनिता घर में चाय बनाने के लिए पहुंची तो असफल होता देख चोरों ने उसका गला काट दिया। हालांकि पुलिस के शक की सुई छेड़खानी के बिंदुओ पर भी घूम रही है।

बता दें कि जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के गुड़बड गांव निवासी अनिता (15) की मां सोनिया की घर से करीब 50 मीटर दूर राइस मिल है। मां-बेटी और छोटे बेटे के जीवन यापन के लिए राइस मिल सहारा है। पिता अनंतू की मौत पहले ही हो चुकी है। जिसके कारण अनिता ने अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़ मां के साथ राइस मिल में हाथ बंटाना शुरू कर दिया था। वो अपनी राइस मिल पर मां सोनिया के साथ काम कर रही थी। दोपहर करीब साढ़े 3 बजे राइस मिल पर मां ने अनिता को चाय बनाने के लिए घर भेजा। काफी देर बाद जब वह घर से वापस नहीं आई तो मां को संदेह हुआ। मां अपनी बेटी को देखने घर पहुंची तो सन्न रह गई। अनिता खून से लथपथ पड़ी थी। उसका गला रेत दिया गया था। आनन-फानन में उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां से चिकित्सको ने गंभीर हालत देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। जहां बेटी अनिता जिंदगी और मौत के बीच की जंग में जूझ रही है।

डंफर ने बाइक सवार तीन युवकों को मारी टक्कर

- हादसे मेंएक युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल, सभी युवक जा रहे थे अयोध्या

अमन लेखनी समाचार

मिल्कीपुर, अयोध्या के थाना कोतवाली इनायत नगर में बाइक सवार तीन युवकों को मिट्टी लोड डंफर ने टक्कर मार दिया। जिससे अजय कुमार ,विजय कुमार व विपिन कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अजय कुमार (22) को मृत घोषित कर दिया। वहीं विजय कुमार (18) और विपिन कुमार (18) का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। बल्दीराय थाना क्षेत्र के सौरवां गांव निवासी अजय कुमार, विजय कुमार पुत्र राधेश्याम तथा विपिन कुमार एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर सुबह अयोध्या जा रहे थे। बारुन बाजार ओवर ब्रिज पार किए ही थे तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रही मिट्टी लदा ओवरलोड डंफर ने जोरदार टक्कर मार दिया। बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर गए। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पूरा कलंदर पुलिस व स्थानीय लोगों ने 1033 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया गया। जहां तैनात डॉ गया प्रसाद विश्वकर्मा ने बाइक चालक 22 वर्षीय अजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। वही विजय और विपिन का प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उन्हें जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया है।

संभल से फरार हुए बदमाश... मामले में एसपी की बड़ी कार्रवाई

एक दरोगा और दो सिपाही निलंबित, 2 दिन पहले पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ था गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

संभल, संभल में इलाज के दौरान मुठभेड़ में घायल हुआ बदमाश फरार होने के मामले में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दरोगा और दो सिपाहियों को निलंबित किया है। अस्पताल से इलाज के दौरान फरार हुए बदमाश को गिरफ्तार करने के लिए कई टीमों का गठन भी किया गया है, लेकिन अभी तक पुलिस खाली हाथ है। संभल की सदर कोतवाली संभल क्षेत्र के जिला संयुक्त चिकित्सालय में पुलिस फुटवियर में गोली लगने के बाद घायल हुए बदमाश चांद बाबू निवासी पाठकपुर का इलाज चल रहा था, बीते दिन सोमवार की दोपहर को बदमाश चकमा देकर फरार हो गया। बदमाश के अस्पताल से भागते हुए सीसीटीवी कैमरे में तस्वीरें कैद हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सीओ बहजोई दीपक तिवारी इंस्पेक्टर संभल पवन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बदमाश की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच और एसओजी की टीम को भी लगाया गया है। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बदमाश की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया है

बूथ प्रबंधन व कार्यकर्ताओं के आपसी समन्वय में जुटी भाजपा

- सांसद लल्लू बोले- बूथ प्रबंधन से ही चुनाव में विजय प्राप्त की जाती है

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, बूथ प्रबंधन व कार्यकताओं के आपसी समन्वय स्थापित करने को लेकर भाजपा द्वारा मंडल वार बैठक की जा रही है।इस बैठक में मंडल तथा शक्ति केन्द्रों के पदाधिकारी को आपसी समन्वय के आधार पर चुनाव का प्रबंधन करने पर मंथन किया जा रहा है। बूथ प्रबंधन को लेकर चर्चा की जा रही है। महानगर के पूरा मंडल की बैठक एचआर पैलेस, बीकापुर मंडल की बैठक पिपरी जलाल पुर, हैरिंग्टनगंज मंडल की बैठक विष्णु इंटर कालेज रविवार को देर शाम लोक सभा केन्द्रीय कार्यालय में महानगर के देवकाली मंडल की बैठक आयोजित की गई।पूरा मंडल की बैठक में लोक सभा चुनाव प्रभारी श्री कृष्ण शास्त्री ने कहा कि मेरा बूथ मेरी लोक सभा के मंत्र को ध्यान में रख कर सभी बूथों में विजय का लक्ष्य लेकर चुनाव के प्रचार अभियान में जुट जांए। सांसद लल्लू सिंह ने कहा बूथ प्रबंधन से ही चुनाव में विजय प्राप्त की जाती है। मंडल व शक्ति केन्द्र के पदाधिकारी बूथ पदाधिकारी व पन्ना प्रमुख के साथ बैठक कर अपने क्षेत्र के बूथों की स्थितियों के बारे में जान लें। प्रत्येक बूथ पर इस चुनाव में पिछले चुनाव की तुलना में प्राप्त मतों के प्रतिशत को बढ़ाना है।

संक्षेप

बुलंदशहर में प्रेमी की मौत पर हंगामा

परिजनों ने प्रेमिका के परिवार पर जहर देकर मारने का लगाया आरोप, कोतवाली को किया घेराव

बुलंदशहर, सिकंदराबाद में 8 मार्च गत दिनों पूर्व कोतवाली क्षेत्र स्थित एनएच-34 पर एक रेस्टोरेंट में प्रेमी युगल के जहर खाने के प्रकरण में प्रेमी की मौत के बाद परिजनों ने प्रेमिका के परिजनों पर जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए कोतवाली का घेराव किया। साथ ही पुलिस से निष्पक्ष जांच कर और खुलासे की मांग की। बता दें कि नगर के मोहल्ला निवासी बृजेश का नगर निवासी एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था आठ मार्च की देर शाम हाईवे स्थित एक रेस्टोरेंट में उन्होंने एक कमरा किराए पर लिया। बताया जा रहा है कि नौ मार्च की सुबह दोनों ने जहर खा लिया। जहां, जहर खाने से दोनों की तबीयत बिगड़ गई। ज्यादा तबियत बिगड़ने पर प्रेमिका कमरे से बाहर आई तो रेस्टोरेंट कर्मचारियों मामले की जानकारी हुई। जिसकी सूचना रेस्टोरेंट कर्मचारियों ने पुलिस को दी। मामले की सूचना पर पुलिस आनन-फानन ने रेस्टोरेंट पहुंची। प्रेमिका को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने कमरे में जाकर देखा तो वहां पर प्रेमी बृजेश मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। बृजेश के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक प्रेमी बृजेश के परिजन दर्जनों महिलाओं पुरुषों के साथ थाने का घेराव किया। बृजेश की मौत के मामले में प्रेमिका के परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने और निष्पक्ष जांच के आधार पर खुलासे की मांग की। जिस पर थाना प्रभारी / आईपीएस राजकुमार मीणा ने परिजनों को बिसरा रिपोर्ट आने के बाद जांच कर सम्बंधित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

जौनपुर में दो पक्षों में जमकर मारपीट, चला चाकू

सपा नेता गंभीर, वाराणसी रेफर, परिजनों का आरोप- पुरानी रंजिश में दिया गया घटना को अंजाम

जौनपुर, लोकसभा चुनाव-2024 की तारीखें का एलान होते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ में है। इसके बावजूद बीती रात जौनपुर के जलालपुर थानाक्षेत्र के करदहा गांव में दो पक्षों में पुरानी रंजिश में जमकर मारपीट हुई। जिसमें चाकू भी चलाया गया जिससे सपा नेता राजेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सपा नेता राजेंद्र सिंह का इलाज बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर में हो रहा है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है। राजेंद्र सिंह के परिजनों का आरोप है कि बीती रात राजेंद्र जब घर आ रहे थे तो पुरानी रंजिश में घर के रस्ते पर घात लगाकर बैठे पड़ोसियों ने राजेंद्र पर हमला कर दिया। इस दौरान उन्हें कई बार चाकू मारा गया। वो इस घटना के बाद लहूलुहान होकर जमींन पर गिर पड़े। उन्हें फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहं हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां भी डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया और फौरन ही उन्हें बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

बड़गहन के भगवतकथा में कृष्ण की बाल लीलाओं को सुनकर दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़गहन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में गुरुवार को कथा वाचक शुभम शास्त्री जी महाराज ने कृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया।कथा वाचक शुभम शास्त्री जी महाराज ने कहा कि सदा सुख केवल भगवान के चरणों में है। भगवान के सम्मुख और उनके शरणागत होने को ही भागवत कथा है। भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है इसलिए व्यस्त जीवन से समय निकालकर कथा को आवश्यक महत्व देना चाहिए। भागवत कथा से बडा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है इसके श्रवण करने से मनुष्य अमर हो जाता है। यह एक ऐसी औषधि है जिससे जन्म-मरण का रोग मिट जाता है। भागवत कथा को पांचवां वेद कहा गया है जिसे पढ सकते हैं और सुन सकते हैं। कृष्ण हिन्दू धर्म में विष्णु के अवतार हैं। सनातन धर्म के अनुसार भगवान विष्णु सर्वपापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख देवता हैं। जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है तब-तब भगवान विष्णु किसी किसी रूप में अवतरित होकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं। वैसे तो भगवान विष्णु ने अभी तक तेईस अवतारों को धारण किया। इन अवतारों में उनके सबसे महत्वपूर्ण अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण के ही माने जाते हैं। श्री कृष्ण का जन्म क्षत्रिय कुल में राजा यदु कुल के वंश में हुआ था। भागवत भूषण ने कृष्ण के जीवन गाथा का विस्तार पूर्वक विवरण कर संगतों को कृष्ण के जीवन लीला के बारे में बताया गया। दिव्य भागवत कथा का आयोजन डाक्टर शिव शंकर पाण्डेय और अंकुर पाण्डेय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कथा आरंभ होने से पूर्व गिड़ा इंस्पेक्टर गीडा इंस्पेक्टर योगेंद्र राय द्वारा व्यास पीठ की आरती उतारते हुए पूजा की गई इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरनाथ यादव, बरसाती देवी, अभिनव मिश्रा, बिक्रम विश्वकर्मा, अशोक पाण्डेय रविकान्त उर्फ लालू, ओमकार यादव, शिवदास पाण्डेय, राजकुमार यादव सहित सैकड़ो श्रोता मौजूद रहे।

आगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए डीपीओ को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत में मिनवा में नया आंगनवाडी भवन निर्माण के लिए प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कराने की मांग किया था। आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए ग्राम पंचायत में खुली बैठक कर प्रस्ताव पास कर लिया गया है। भवन का निर्माण विद्यालय परिसर में होना है। गांव में दलित की संख्या अधिक है। करीब 1 हे0 भूमि खाली है। ग्राम पंचायत में दो आंगनवाड़ी कार्यकत्री, दो सहायिका की तैनाती है। भवन का निर्माण होने से कुपोषण बच्चे, गर्भवती महिलाओ, टीकाकरण, पौष्टिक आहार समय से मिल सके।

सीएचसी अधीक्षक के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत पर मिल रही धमकी

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा अधीक्षक डा0 व्यास कुशवाहा द्वारा अस्पताल में किए जा रहे भ्रष्टाचार की शिकायत करने वाले को धमकी मिलने पर पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित माजिद अली पुत्र जब्बार अली निवासी पटखौली ने आरोप लगाया है कि सीएचसी अधीक्षक द्वारा दवा न लिख कर अपने वाहन चालक से दवा लिखाते है। आपरेशन के नाम पर 3 हजार रुपया वसूला जाता है। सिरिंज, पट्टी, प्रयोग में लाए गए दवा को अस्पताल परिसर में फेका जाता है। जिससे गंदगी का अंबार लगा रहता है। अस्पताल में हो रहे भ्रष्टाचार का वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल होने पर अधीक्षक द्वारा धमकी दी जा रही है। वही अधीक्षक डा व्यास कुशवाहा ने कहा की आरोप बेबुनियाद है। अस्पताल में किसी भी तरह की वसूली नही की जाती है। इस संदर्भ में एसओ मदन मोहन मिश्र ने कहा कि पीड़ित की शिकायत मिली है। वीडियो की जांच कराई जा रही है।

होली हुड़दंग में आचार संहिता चुस्ती से जुटा प्रशासन

शांति सुरक्षा के लिए उनवल में सीओ के मार्गदर्शन में बैठक, गश्त

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। खजनी थाना क्षेत्र के उनवल चौकी क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी खजनी ओंकारदत्त तिवारी मार्गदर्शन और थानाध्यक्ष गौरव आर कन्नौजिया के नेतृत्व में नगरवासियों नगर पंचायत के सभासदों, क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्तियों और पुलिस टीम के साथ होली तथा चुनाव आचार संहिता का अनुपालन कराने को लेकर इलाके में शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बैठक की गई। आगामी 24/25 मार्च को होली का त्योहार मनाया जाएगा। होली के हुड़दंग अबीर, गुलाल और रंगों के इस पारंपरिक त्योहार को आपसी वैमनस्यता मिटाने वाले पर्व के रूप में मनाया जाता है। किंतु नए दौर में अब प्रायः ऐसा नहीं होता और त्योहार की आड़ में कई बार होली की हुड़दंग आपसी रंजिश और वैमनस्यता अपराध का रूप ले लेती है। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ खजनी ने बताया कि सभी घटनाओं पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों को पुलिस और प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। थानाध्यक्ष गौरव आर कन्नौजिया ने कहा कि उपद्रव और हुड़दंग मचाने वाले अराजक तत्वों से सख्ती से निबटा जाएगा। वहीं नगर अध्यक्ष महेश कुमार दुबे ने सभी से आपस में मिलजुल कर त्योहार मनाने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। मीटिंग के बाद पुलिस टीम ने सीओ के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज उनवल सोनेंद्र सिंह के नेतृत्व में कस्बे में पैदल गश्त किया। एसडीएम खजनी शिवम सिंह सीओ खजनी ओंकार दत्त तिवारी थानाध्यक्ष गौरव राय कनौजिया द्वारा आगामी त्यौहार/ आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना खजनी प्रांगण में थाना क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, डीजे संचालक, आयोजकों, पत्रकार बंधुओ के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी।

पोस्टमार्टम के अनुसार मृत्यु का कारण स्पष्ट न होनें के कारण बिसरा संरक्षित किया गया : एसएसपी

शरीर पर किसी भी प्रकार का कोई चोट का निशान नहीं- मेडिकल रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। थाना गोला क्षेत्र में बीते बुधवार को सायं काल पीआरवी को 01 नाबालिग बालिका के साथ छेड़खानी की सूचना प्राप्त हुई। घटना की सूचना प्राप्त होने के उपरान्त पुलिस टीम घटनास्थल पर मुआयना व जांच करने गयी थी। अग्रिम जांच हेतु जिस व्यक्ति को आरोपित किया गया था, उसे थाना स्थानीय पर लाया गया था, जिसके परिजन भी उसके साथ थानें पर आयें थें। थानें पर आने के उपरान्त उस व्यक्ति की तबियत बिगड़ी, जिसको परिजनों के सहयोग से स्थानीय सीएससी में लाया गया, जहां डाक्टरो द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारीगण को मौके पर भेजा गया और मृतक के परिजनों के साथ वार्ता के क्रम में उनके द्वारा 01 तहरीर दी गयी जिसमें थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी सहित कुछ लोगों को नामजद किया गया है जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल के द्वारा वीडियोग्राफी के माध्यम से कराया गया। पोस्टमार्टम के उपरान्त शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों द्वारा शव अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है। पोस्टमार्टम के अनुसार मृत्यु का कारण स्पष्ट न होनें के कारण बिसरा संरक्षित किया गया है। शरीर पर किसी भी प्रकार का कोई चोट का निशान नहीं है। जिलाधिकारी गोरखपुर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा मृतक के परिजनों से मुलाकात की गयी तथा उन्हे हर संभव सहायता उपलब्ध करानें तथा इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच करानें का आश्वासन दिया गया। घटना की मजिस्ट्रियल जांच करायी जा रही है, निष्पक्ष जाँच के आधार पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

पत्थर नसब का पत्थर उखाड़ फेंकने वाले पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के माडर में राजस्व टीम द्वारा पैमाइस कर गाड़े गए पत्थर को उखाड़ कर फेकने वालो पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी से रामकेश साहनी पुत्र धौसन साहनी निवासी माडर द्वारा उपजिलाधिकारी सहजनवा के आदेश पर आराजी 1423 का राजस्व टीम द्वारा पत्थर नसब की पैनाईस करा कर पत्थर गाड़ा था। जिसे विपक्षी मिलकर उखाड़ कर फेक दिया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नेबूलाल, और उसकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

दहेज में कार और 4 लाख रुपया न मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के नेहा सिंह पुत्री विद्या निवास ग्राम रामडीह तोरनी जिसकी शादी निवासी पाली व वर्तमान पता गौतम बिहार रामगढताल प्रवीण कुमार सिंह के साथ 4 फरवरी 2024 को हुई थी।शादी में पिता ने पति के बैंक खाते में 6 लाख रुपया और सास को 7 लाख रुपया दिया था। इसके अलावा गहने और सामान दिए थे। शादी के बाद जैसे ही गोरखपुर ससुराल पहुंची सास दहेज कम लाने का ताना मारने लगी। इसके बारे में मायके के लोगो से बात किया। तो असमर्थता जाहिर किए। इसके बाद पति शराब के नशे में आता और मारता पीटता रहता था। सास 4 लाख रुपया, कार, फ्रिज, एसी की मांग कर रही थी। विदाई के बाद मायके आई। और समझौते के बाद ससुराल पहुंची तो फिर ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। 24 फरवरी 2024 को पति और सास ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति प्रवीण कुमार सिंह, सास माया देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

विंढमगंज के साप्ताहिक बकरी बाजार में विरोध प्रदर्शन

नीलामी का पैसा जमा नहीं होने पर वार्ड के सदस्यों ने जताई नाराजगी, नहीं हुई खरीदारी

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र , सोनभद्र के दुद्धी विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुटबेढवा में लगने वाले बकरी बाजार की सालाना नीलामी प्रक्रिया की बैठक प्रारंभ होने के पूर्व ही बैठक हंगामे की भेंट चढ गई। बता दें कि ग्राम पंचायत भवन पर पहुंचे हल्का लेखपाल द्वारा बताया कि बीते सत्र 2023- 24 में हुए लगभग 18 लाख रुपए की संपूर्ण भरपाई ठेकेदार द्वारा नहीं की गई है। ठेकेदार इस्लाम अहम्मद कुरैशी की लंबी बीमारी के कारण मौत हो गई है। बकाया रकम लगभग 14 लाख रुपए है। इसकी भरपाई कौन करेगा। जैसे ही लेखपाल द्वारा ये बताया गया वैसे ही वार्ड सदस्य व ग्राम प्रधान के बीच नोक झोंक हो गई। वार्ड सदस्य विकास कुमार गुप्ता की अगुवाई में ग्राम पंचायत के लगभग सभी सदस्यों ने बीते तहसील दिवस पर संबंधित अधिकारियों को भी अवगत कराया। उन्होंने संबंधितो द्वारा बकाया धनराशि नहीं जमा कराई। ये सब प्रधान की शिथिलता के कारण हुआ है। वहीं, इस प्रकरण का समाधान नहीं होने पर सोमवार को लगने वाला साप्ताहिक बकरी बाजार में वार्ड सदस्यों ने पहुंचकर जमकर विरोध किया। इस दौरान वार्ड सदस्य विकास कुमार गुप्ता ने कहा कि मृतक ठेकेदार द्वारा नीलामी की धनराशि लगभग 14 लाख रुपये जमा नहीं की गई है। जबकि नीलामी के वक्त ही यह शर्तें लागू की जाती हैं कि नीलामी के दिन एक चौथाई तथा शेष धनराशि पूरे एक साल में 3 किस्तों में जमा करना अनिवार्य होगा, लेकिन 1 साल बीतने को है, फिर भी सिर्फ एक ही किस्त जमा किया गया। बाकी किस्त ठेकेदार द्वारा जमा नहीं किया जाना ठेकेदार व ग्राम प्रधान की घोर लापरवाही है।

जिससे आक्रोशित वार्ड सदस्य जिला अधिकारी से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे। उधर ग्राम प्रधान तारा देवी ने कहा की वार्ड सदस्यों के साथ हैं। वह अधिकारियों के दिशा निर्देश का पालन करने के साथ-साथ वार्ड सदस्यों के आपसी सहमति द्वारा आने वाले निर्णय का समर्थन करेंगी। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान वार्ड सदस्यो में नंदलाल, बंटी, संतोष चंद्रवंशी, गुलाब, मुन्ना भारती , अजीत जायसवाल ,संतोष रावत, राजू पासवान ,उदय कुमार ,दीपक गुप्ता, नंदकुमार ,छाया देवी, आदि मौजूद थे।

एक्पोजर विजिट के लिए फासिल्स पार्क का भ्रमण किए बच्चे

- विज्ञान व गणित मे चयनित जुनियर बच्चों को मिला टुर की सुविधा

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, सोनभद्र के कोन से परिषदीय उच्च प्रा. विद्यालय के बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए टुर पर ले जाया गया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा व राज्य परियोजना कार्यालय के आदेश के अनुपालन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर बच्चों को टूर कराया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में चयनित विज्ञान व गणित के दर्जनों छात्र व छात्राओं को संबंधित शिक्षकों व एआरपी के साथ बस द्वारा कोन से एक्पोजर विजिट हेतु फासिल्स पार्क सलखन ,वैष्णो मंदिर डाला व किला का टूर कराया गया। टूर की बात सुनते ही बच्चों मे काफी उत्साह देखा जा रहा था। इस तरह की पहली बार परिषदीय बच्चों को टुर का अवसर मिला। जिसके लिए विभाग द्वारा संबंधित विषयों के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गयी थी। जो स्थल व वहां की विशेषता के बारे मे विधिवत बताया गया। जिससे बच्चों को सीखने व सिखाने में काफी सहूलियत मिलती है। विज्ञान आओ करके सीखें की तर्ज पर टूरिज्म को लेकर बच्चों व शिक्षकों मे उत्साह रहा। जिसके लिए सुबह 8.30 पर कोन बीआरसी से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।

उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत चयनित बच्चों को मिला मौका, बच्चों में दिखा उत्साह

अमन लेखनी समाचार

बभनी, सोनभद्र के बभनी विकास खंड के बभनी उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। भ्रमण पर जाते समय बच्चों मे उत्साह दिखा। खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम शंकर राम ने वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण पर जाने से बच्चे नई चीजें सीखते हैं। उनके व्यक्तित्व का विकास होता। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। भ्रमण विद्यार्थियों को अपने और दूसरों के अनुभव से सीखने का एक अच्छा अवसर देते हैं। जब विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर जाते हैं तो वे अपनी आंखों से प्रत्यक्ष रूप में देखकर किसी भी विषयवस्तु का वर्णन करने में सक्षम हो जाते हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालयों से चयनित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत 100 छात्र शैक्षिक भ्रमण के लिये रवाना पर गए। इस दौरान एआरपी नंदलाल, पुष्पेन्द्र विमल, सहित शिक्षक कमलेश ,राजू सरिता शर्मा, मो. आरिफ सहित अन्य शिक्षक भी साथ में रवाना हुए।

गन्ना घटतौली के खिलाफ उठाई आवाज...किसान पर मुकदमा

- चीनी मिल अधिकारी ने दर्ज कराई धमकी की रिपोर्ट, पीड़ित किसान ने दी आत्मदाह की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

मवाना, मवाना में किसानों की खून पसीने की कमाई को गन्ना घटतौली के रूप में चूसने वाली चीनी मिल और गन्ना समिति के गठजोड़ का ताजा मामला सामने आया है। अस्सा गांव में लगे टिकौला चीनी मिल के तोल केंद्र पर घटतौली का विरोध और शिकायत करने पर मिल अधिकारी ने किसान के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। किसान की आवाज दबाने को समिति ने भी किसान को नोटिस भेजकर उसका व उसके परिवार के लोगों का बांड बंद करने की चेतावनी दे डाली। अब पीड़ित किसान ने पुलिस और गन्ना विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित किसान अवनीश पुत्र मागेराम निवासी ग्राम अस्सा ने बताया कि उसने दिनाक 20-11-2023 में टिकौला चीनी मिल के गन्ना कय केंद्र ग्राम अस्सा प्रथम पर हो रही घटतौली की शिकायत उपजिलाधिकारी मवाना से की थी। दिनाक 08-01-2024 को भी उसने कय केंद्र पर हो रही घटतौली के बाबत मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी मेरठ, गन्ना आयुक्त लखनऊ, उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर, जिला गन्ना अधिकारी मुजफ्फरनगर के साथ-साथ सचिव प्रभारी सहकारी गन्ना विकास समिति खतौली से भी डाक से शिकायत की। आरोप है कि 29-11-2023 को चीनी मिल टिकोला के प्रबंधन अधिकारियों से सांठगांठ कर 4.20 बजे कय केंद्र पर समिति द्वारा महज औपचारिकता कर निरीक्षण किया गया था। पीड़ित किसान ने बताया कि इसी माह 5 मार्च को टिकोला चीनी मिल अधिकारी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ उसकी आवाज दबाने के लिए थाना बहसूमा में गाली गलौज और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज करा दिया। पीड़ित ने एसएसपी सहित आला अधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

संक्षेप

देवर ने भाभी की पिटाई, फोड़ा सर

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,देवर के सहारे बच्चो को छोड़ खेत गई भाभी की गैर मौजूदगी में देवर ने बच्चो की पिटाई कर दी जब भाभी घर वापस आई और बच्चो को रोता पाया तो भाभी ने देवर को उलाहना दिया तो देवर ने भाभी की भी पिटाई कर पत्थर से सर फोड़ दिया। थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासिनी गुड़िया पत्नी ब्रजेश अहिरवार ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि वो अपनी ननद प्रियंका के साथ सुबह खेत की कटाई करने गई थी और घर मे देवर गुरुचरण के सहारे अपने तीन बच्चो अष्ठमी 5 वर्ष,दीपाली 3 वर्ष व रेहान डेढ़ वर्ष को छोड़ गई थी। दोपहर करीब 12 बजे जब गुड़िया अपनी ननद प्रियंका के साथ खेत से वापस घर पहुची तो बच्चो को रोटा देख कारण पूछा तो बच्चो ने बताया कि चाचा ने पिटाई की है तब गुड़िया ने अपने देवर गुरुचरण से शिकायत की तो उसने गुस्से में गुड़िया की भी पिटाई कर दी व पत्थर से सिर में हमला कर दिया जिससे गुड़िया के सर में चोट आई है। गुड़िया ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया है।

छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गांव में निकाली रैली

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर विकास खंड क्षेत्र के रिठारी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गांव में रैली निकाल कर ग्रामीणों को अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया।क्षेत्र के रिठारी गांव में लोकसभा चुनाव में अधिक मतदान करने के लिए प्राथमिक विद्यालय रिठारी के छात्र छात्राओं द्वारा गांव में रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया।बच्चे नारे लगाते हुए चल रहे थे। सबसे पहले मतदान इसके बाद जलपान । बीएलओ कमल किशोर ने मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई। रैली में लोकतंत्र सेनानी त्रिमोहन दीक्षित, ग्राम प्रधान इ चंद्रेश सिंह गौर, खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता, कोटेदार रामकरण, इंचार्ज प्रधानाद्यपिका अनीता वर्मा,रचना प्रकाश, संगीता ,अंजली श्रीवास्तव,समूह की महिलाएं तथा आशा कार्यकृत्री सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद 1 करोड़ 12 लाख भक्तों ने किये श्रीरामलला के दर्शन

- श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में लगातार बढ़ रही भक्तों की संख्या
- प्रतिदिन एक से सवा लाख श्रद्धालु कर रहे भगवान राम के दर्शन, मंगलवार को हो रही सर्वाधिक भीड़
- अयोध्या में योगी सरकार की ओर से श्रद्धालुओं के लिए की जा रही सुगम दर्शन की व्यवस्था<

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को दो माह पूरे हो रहे हैं। इसके साथ ही यहां दर्शन-पूजन के लिए आने वाले भक्तों की संख्या में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। 22 जनवरी से लेकर 20 मार्च तक 1 करोड़ 12 लाख श्रद्धालुओं को भगवान रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो चुका है। अयोध्या में रामलला का दर्शन करने के लिए यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बीते वर्ष की अपेक्षा तेजी से बढ़ी है। प्रतिदिन मंदिर में एक से सवा लाख रामभक्त दर्शन करने पहुंच रहे हैं। वहीं अयोध्या में आयोजित होने वाले पर्वों और मंगलवार को यह संख्या और बढ़ जाती है।

साल दर साल बढ़ रही पर्यटकों की संख्या

पर्यटन विभाग के आंकड़ों को देखा जाय तो 2017 में जबसे दीपोत्सव प्रारंभ हुआ है, उसके बाद से श्रीराम की नगरी में भक्तों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है।2017 में कुल 1,78,57,858 श्रद्धालुओं ने रामनगरी में दर्शन-पूजन किया। इनमें 1,78,32,717 भारतीय एवं 25,141 विदेशी शामिल हैं। वहीं 2018 में 1,95,34,824 भारतीय एवं 28,335 विदेशी नागरिकों ने रामनगरी में दर्शन किया। इस प्रकार कुल मिलाकर 1,95,63,159 श्रद्धालुओं ने वर्ष 2018 में अयोध्या में दर्शन-पूजन किया। ऐसे ही वर्ष 2019 में 2,04,63,403 भारतीय एवं 28,331 विदेशी को मिलाकर कुल 2,04,91,724 श्रद्धालुओं ने अयोध्या

में दर्शन किया। वर्ष 2020 में कोरोना के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में कमी देखने को मिली और 61,93,537 भारतीय एवं 2,611 विदेशी मिलाकर कुल 61,96,148 श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। वहीं वर्ष 2021 में 1,57,43,359 भारतीय एवं 431 विदेशी पर्यटकों ने अयोध्या में दर्शन पूजन किया। 2021 में कुल 1,57,43,790 श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए आए। इसी क्रम में वर्ष 2022 में 2,21,12,402 भारतीय एवं 26,403 विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे। कुल मिलाकर 2,21,38,805 श्रद्धालु 2022 में अयोध्या दर्शन के लिए यहां पहुंचे। वर्ष 2023 में यह संख्या बहुत तेजी से बढ़ी है। 2023 में वर्ष भर में कुल 5,75,15,423 श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। इनमें 5,75,07,005 भारतीय श्रद्धालु व 8418 विदेशी श्रद्धालु शामिल रहे। ऐसा माना जा रहा है कि वर्ष 2024 में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या इतनी तेजी से बढ़ी है कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद से 20 मार्च के बीच 1 करोड़ 12 लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन कर चुके हैं। ऐसा नहीं है कि अयोध्या आने वाले भारतीय श्रद्धालुओं की ही संख्या में बढ़ोतरी हुई है। राम लला का दर्शन करने के लिए यहां आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है।

श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से बढ़े रोजी-रोजगार के अवसर

प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से यहां देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से अयोध्या में रोजी-रोजगार में भी तेजी से वृद्धि भी होने लगी है। पहले सूने रहने वाले दुकानों में अब ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। खान-पान, होटल-रेस्टोरेंट, सजावटी सामानों की दुकानों पर सैलानियों की भीड़ अब आम हो चली है। लोगों का मानना है कि 22 जनवरी को जबसे रामलला विराजमान हुए हैं, यहां देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं व विदेशी पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित इजाफा हुआ है। इसे लेकर प्रदेश की योगी सरकार तेजी से अयोध्या का विकास करने में लगी है। अयोध्या को फोर लेन व सिक्स लेन सड़कों से जोड़ा जा रहा है। विश्वस्तरीय हवाई अड्डा व रेलवे स्टेशन का निर्माण किया गया है। इसके अलावा तमाम अन्य सुविधाएं भी अयोध्या में विकसित की जा रही हैं।

सांसद को शिकायती पत्र देकर समस्या समाधान कराए जाने की मांग

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर।कस्बा कुरारा के वार्ड तीन टेनरी मोहल्ले के लोगो ने रास्ते में जलभराव की समस्या को कस्बा में आए भाजपा प्रत्याशी पुस्पेंद्र सिंह चंदेल को शिकायती पत्र देकर समस्या समाधान कराए जाने की मांग की। कस्बे के वार्ड तीन निवासी लोगो ने भाजपा प्रत्याशी पुस्पेंद्र सिंह चंदेल को शिकायती पत्र देकर बताया कि तालाब के किनारे से बस्ती को अंदर गई रास्ता खराब है। तथा हमेशा इस में जलभराव बना रहता है। जिससे बच्चो को विद्यालय आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। जलभराव रहने से मच्छर जनित बीमारियां फैलती है। लोग परेशान रहते हैं।तालाब के पानी का निकास की व्यवस्था न होने के कारण रास्ते में पानी भर जाता है। मोहल्ले के निवासी शिवकुमार, संजीव कुमार, शारदा, राजाबाबू, कमलेश, रामदयाल, कालका, मोनू, बीरेंद्र, अजय स्वामी, विनय कुमार वर्मा, नफीस अहमद आदि ने बताया कि रास्ते में वर्ष भर जलभराव रहने से लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले वासियों ने सांसद को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है।

40 देशी शराब के क्वाटर सहित युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर।पुलिस ने भौली मार्ग से मुखबिर की सूचना पर 40 देशी शराब के क्वाटर सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के शेखूपुर गाँव निवासी धर्मेंद्र पुत्र जगराम को सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव ने मुखबिर की सूचना के बाद भौली रोड़ पर रघवा गांव के पास से गिरफ्तार कर 40 क्वाटर देशी शराब के बरामद कर वैधानिक कार्यवाही की है।

32 दवाओं सहित लिव-52 की बिक्री पर लगा प्रतिबंध

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ रंजन वर्मा ने बताया कि जनपद बहराइच में शासन स्तर से हुई जांच में आयुर्वेदिक 10 दवायें नकली पायी गयी है तथा 22 दवाओं में ऐलोपैथिक की मिलावट पायी गयी है। इन सभी 32 दवाओं की बिकी पर पूरे प्रदेश में प्रतिबंध लगा दिया गया है जिसमें लिवर की प्रचालित दवा लिव-52 भी सम्मिलित है इसमें मंडूर भस्म व दारुहरिद्रा का मिश्रण मानक के अनुरुप नहीं पाया गया। प्रदेश के समस्त क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारियों को इन दवाओं की बिक्री को रोकने के निर्देश दिये गये है तथा विभाग द्वारा छापेमारी जारी है मानक विरुद्ध पायी गयी दवाओं में प्रेडनिसोलोन व बीटामेथासोन नामक स्टेराइड, आइबाप्रोफेन व डाइक्लोफिनेक नामक दर्द निवारक, ग्लीमपैराइड नामक मधुमेह की दवा व सिलिडिनाफिल नामक यौन उत्तेजना की दवा का अपमिश्रण पाया गया है तथा सीतापुर, गाजियाबाद, सहारनपुर, मुजफ्फनगर, मेरठ, लखनऊ, वाराणसी, लखीमपुर खीरी, गौतमबुद्धनगर व कानपुर से इन दवाओं के नमूने लिये गये थे। जनपद बहराइच में इन दवाओं की बिकी पाये जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासानिक कार्यवाही की जायेगी।

अपमिश्रण पायी गयी दवाएं विश्वास गुड हेल्थ, पेननिल चूर्ण, एज किट चूर्ण, अमृत आयुर्वेदिक चूर्ण, दर्द मुक्ति चूर्ण, आर्थोनिल चूर्ण, योगी केयर, माइकान गोल्ड कैप्सूल, डाठबियंट शुगर कैयर टेबलेट, हाई पावर मूसली, कैप्सूल, डाइबियोग केयर, झंडू लालिमा, हेल्थ गुड सिरप, हेपलिव डीएस सीरप, सिस्टोन सीरप, बायना प्लस ऑयल, वातारिन ऑयल, लिव-52, न्यू रिविल, बोस्टा एम.आर. टैबलेट व लिव-52 तथा नकली दवाओं में ज्वाला दाद, रूमो प्रवाही, सुंदरी कल्प सिरप, त्रयोदशांग गुग्गुल, वेदांतक वटी, एसीन्यूट्रा लिक्विड, आंवला चूर्ण, सुपर सोनिक कैप्सूल, बोस्टा 400 टेबलेट व बायना प्लस कैप्सूल शामिल है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर-एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ग्राम रंजीतपुर में चल रहे सप्तदिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन कानूनी प्रक्रिया पर संगोष्ठी व रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

गुरुवार को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन में चल रहे एन एस एस शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवको व स्वयंसेविकाओं को कानूनी प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को प्रत्येक क्षेत्र में अपना योगदान देना होगा, प्रत्येक छात्र को कानून के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। गुड टच, बैड टच के बारे में जानकारी होना अति आवश्यक है।विद्यार्थी के जीवन में सीखना ही एकमात्र लक्ष्य होता है कि कुछ न कुछ हमें सीखने को मिलता रहे। उन्होंने बताया कि जो बच्चे 18 वर्ष की आयु पार कर चुके है वह गाड़ी चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस जरूर बनवाए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कई तरह धाराओं से परिचित कराया जो छात्र-छात्रा के संरक्षण हेतु बनाये गए हैं। नोडल अधिकारी एन एस एस विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन ने कहा कि प्रत्येक जागरूक नागरिक राष्ट्र के उत्थान में अपनी महती भूमिका निभा सकता है। कानून का पालन करना हम सभी का परम कर्तव्य है। मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक शुक्ल ,डॉ अनामिका सिंह व डॉ रमेश शुक्ल ने सभी का स्वागत किया जबकि डॉ जितेन्द्र भट्ट ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्वयंसेवको व स्वयंसेविकाओं ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। दूसरे सत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।संयुक्त जिला चिकित्सालय के डॉ फराज अहमद व काउंसलर हिमांशु तिवारी ने रक्तदान के फायदों के बारे में जानकारी दी। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनामिका सिंह सहित स्वयंसेवक मुकेश पाल, प्रिंस चौरसिया, शरद भट्ट व हर्षित द्विवेदी ने रक्तदान किया।

जनपद की पांच ग्राम पंचायतो को मिला मुख्यमंत्री पुरस्कार

बामौर ब्लॉक की नागर ग्राम पंचायत को तीसरी बार मिला मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

झांसी। विकास के पैमाने पर खरा उतरने वाली झांसी जनपद की 5 ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार से नवाजा गया। जिसमें बामौर ब्लॉक की ग्राम पंचायत नागर, मऊरानीपुर ब्लॉक की मऊदेहात, चकारा, बंगरा ब्लॉक से देवरी सिंहपुरा तथा चिरगांव ब्लॉक से चिरगांव देहात को यह सम्मान मिला है। ग्राम पंचायत नागर को लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री पुरस्कार मिला है ।जानकारी के अनुसार नौ बिंदुओं में गरीबी मुक्त गांव, स्वस्थ गांव, वॉलमेट्री गांव ,पर्याप्त जलयुक्त गांव, स्वच्छ गांव, आत्मनिर्भर पर बुनियादी ढांचे वाला गांव ,सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, महिला हितेषी गांव पर किए गए कार्यों पर ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री पुरस्कार दिया जाता है ।पुरस्कार के रूप में मिलने वाले रुपयों से ग्राम पंचायत में विकास कार्य कराए जाएंगे ।जिला पंचायत राज अधिकारी जगदीश राम गौतम ने बताया कि जनपद की 5 ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार मिला है इन सभी पांच ग्राम पंचायतो ने बेहतर कार्य किए हैं इसी वजह से शासन स्तर से इनका चयन किया गया है।बता दे की बामौर ब्लॉक की नागर पंचायत को कई पुरस्कार मिल चुके हैं। प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी कई बार सम्मानित हो चुके हैं उन्होंने बताया कि उन्हें तीन बार मुख्यमंत्री पुरस्कार एक बार बेस्ट ऑफ कायाकल्प का पुरस्कार पर्यावरण पुरस्कार व शिक्षा विभाग द्वारा पिछले सालों में कई पुरस्कार मिल चुके हैं ।इन पुरस्कारों के माध्यम से लाखों रुपए भी ग्राम पंचायत को प्राप्त हुए हैं जिससे ग्राम पंचायत का विकास हुआ है ।प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी ने बताया कि पुरस्कार में मिलने वाले लाखों रुपए से ग्राम पंचायत में खेल मैदान अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए प्रदेश की कुल 378 ग्राम पंचायत को पुरस्कृत किया गया है।

होली पर शत-प्रतिशत आनरोड होंगी परिवहन निगम की बसें

भारी आवागमन को देखते हुए परिवहन की बेहतर सुविधा सुनिश्चित किए जाने की तैयारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। होली पर्व के अवसर पर यात्रियों के भारी संख्या में आवागमन को लेकर परिवहन की बेहतर सुविधा के लिए योगी सरकार की ओर से पहल की गई है। इस क्रम में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने सभी क्षेत्रीय/सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को होली पर्व के दृष्टिगत शत-प्रतिशत बसों के संचालन के साथ-साथ बस अड्डों पर व्यापक यात्री सुविधा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

समस्त सक्षम चालक-परिचालक से लिया जाएगा संचालन का कार्य

उन्होंने कहा कि 24/25 मार्च, 2024 को मुख्य पर्व की तिथि से पूर्व व उसके पश्चात विभिन्न गन्तव्यों के लिए जनसामान्य का भारी संख्या में आवागमन देखते हुए यात्रियों को पर्याप्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से बसों को शत-प्रतिशत आनरोड करते हुए संचालन कराया जाएगा। प्रत्येक क्षेत्र समस्त बसों की यांत्रिक एवं भौतिक दशा को सुदृढ़ व ऑनरोड कराकर शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करेगा। समस्त सक्षम चालक-परिचालक से संचालन का कार्य लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि होली पर्व की अवधि में यात्रियों की उपलब्धता एवं आवश्यकता के आधार पर अतिरिक्त बसों का संचालन योजनाबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा। बस अड्डों पर बैनरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा।

बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था

एमडी ने कहा कि एसी बसों के संचालन को निर्धारित कर आनलाइन बुकिंग/ आरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यात्रियों के बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था के साथ-साथ सभी बस अड्डों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, शौचालय एवं परिसर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बसों में संचालन के दौरान यह भी सुनिश्चित करें, कि अवांछनीय, प्रतिबंधित व ज्वलन्तशील विस्फोटक सामग्री न ले जाई जाए।

अनाधिकृत वाहनों की सघन चेकिंग के निर्देश

उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने सभी संभागीय/ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को होली पर्व के दृष्टिगत अनाधिकृत वाहनों की सघन चेकिंग कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि 24/25 मार्च 2024 को होली का पर्व मनाया जाना है। प्रायः महत्वपूर्ण अवसरों पर प्रदेश के अंदर आने वाली व प्रदेश से अन्य राज्य में जाने वाली अथवा प्रदेश के विभिन्न स्थानों से बहुतायत में संचालित होने वाले अनाधिकृत वाहनों से जहां एक ओर निगम की आय कुप्रभावित होती है, वहीं दूसरी ओर व्यापक कर चोरी से शासन को राजस्व की हानि होने के साथ-साथ यात्री सुरक्षा मानकों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता है। उन्होंने अनाधिकृत संचालन की रोकथाम के लिए जनहित में 21 मार्च से 01 अप्रैल 2024 तक सभी जनपदों में अनाधिकृत वाहनों के रोकथाम हेतु प्रभावशाली संयुक्त चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुरव्वा व कोढ़वा मतदान केन्द्र का डीएम ने किया भ्रमण

चेक लिस्ट के अनुसार मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

ग्रामवासियों को दिलायी मतदाता शपथ

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील महसी के दूरस्थ मतदान केन्द्र मुरव्वा के बूथ संख्या 198 व 200 तथा मतदान केन्द्र कोढ़वा के बूथ संख्या 201 व 202 का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मतदाताओं के बीच स्वयं मतदाता सूची में लिखे नामों को पढ़कर सुनाया तथा ग्रामवासियों से पढ़े गये नामों के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम से बाहर रह रहे मतदाताओं के मोबाइल नम्बर पर एसएमएस भेजकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जाय। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौजूद ग्रामवासियों को मतदाता शपथ दिलाते हुए आहवान किया कि मतदान के दिन निर्भय होकर वोट देने जरूर जाएं। डीएम ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति शराब, रिश्वत या जोर जबरदस्ती करके किसी के पक्ष में अथवा विरोध में वोट डालने का प्रयास करता है तो इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से अवश्य करें। डीएम ने लोगों से कहा कि मतदान दिवस के दिन परिवार के बुजुर्ग इस बात का प्रयास करे कि परिवार के सभी सदस्य वोट देने जायें, यदि परिवार में कोई ऐसा सदस्य है जो कि शारीरिक रूप से कमजोर है तो परिवार के लोगों को चाहिए कि मतदान के लिए जाते समय उनकों भी अपने साथ ले जायें।

डीएम ने निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, विद्युत कनेक्शन, लाईट व पंखों की उपलब्धता, मतदेय स्थल पर शौचालय, जलापूर्ति की स्थिति, मतदेय स्थल पर शुद्ध पेयजल, स्थापित हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, मतदेय स्थल/विद्यालय की साफ-सफाई, रैम्प, मतदान केन्द्र पर नेटवर्क की उपलब्धता, कन्ट्रोल रूम का नम्बर, फोटोयुक्त मतदाता पहचान-पत्र वितरण, रूट चार्ट तथा कम्यूनिकेशन प्लान में दर्ज मोबाइल नम्बरों का सत्यापन भी किया। डीएम ने एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिया कि कम मतदान के कारकों का तत्काल समाधान कराते हुए मतदान केन्द्रों पर आयोग की मंशानुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। डीएम ने ग्राम प्रधान, कोटेदार, रसोईयां, रोजगार सेवक, अध्यापक, सचिव, लेखपाल, आंगनबाड़ी, आशा से वार्ता करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

होली एवं रमजान पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा, झांसी। कोतवाली गरौठा में होली एवं रमजान पर्व को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा रामवीर सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने लोगों से सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी रामवीर सिंह ने कहा की कोई भी नई परंपरा शुरू ना की जाए। जहां पहले से होलिका दहन किया जाता है उसी जगह होलिका दहन किया जाए।उन्होंने कहा की अगर कोई भी व्यक्ति होली पर डीजे बजाता है तो उपजिलाधिकारी गरौठा के द्वारा उसकी अनुमति अवश्य होनी चाहिए,कोई भी व्यक्ति आचार संहिता का उल्लंघन न करें । कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय ने कहा की शासन के आदेश अनुसार दोपहर 12:00 बजे तक होली खेली जाएगी इसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों की नवाज अदा के समय कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का रंग गुलाल नहीं डालेगा अगर कोई अराजकता फैलाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर अतिरिक्त कोतवाली प्रभारी इंद्रपाल सरोज सहित समस्त पुलिस स्टाफ एवं नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा ,गुड्डू पाठक, एडवोकेट अयूब सिद्दीकी,गोविंद नारायण गुप्ता, संजय राजा परमार, देवेंद्र सिंह,हरिशंकर यादव, राजेंद्र अहिरवार ,अनुज कुमार द्विवेदी, सुनील तिवारी, रॉबी बुंदेला, सहित ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम प्रधान व समस्त ग्रामों के चौकीदार एवं नगर के गणमान्य नागरिक व पत्रकार मौजूद रहे।

जिलाधिकारी के आदेश पर 07 नये गेहूँ क्रय केन्द्र खोले गये

जनपद में 121 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जिलाधिकारी हार्षिता माथुर के आदेशानुसार जनपद रायबरेली में विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार खाद्य विभाग के 32, पीसीएफ के 55, पीसीयू के 19 एवं भारतीय खाद्य निगम के 08 कुल 114 गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी द्वारा इसी क्रम में क्रय एजेन्सी मण्डी परिषद एवं नैफेड से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार 07 नये गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि जनपद में विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 121 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद से सम्बन्धित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराते शासनादेशानुसार/ नियमानुसार समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

प्रशिक्षित किये गये सहायक व्यय प्रेक्षक

अमन लेखनी समाचार

बहराइच । लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से बुधवार को देर शाम कोषागार बहराइच में विधानसभावार नियुक्त किये गये सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं रिजर्व सहायक व्यय प्रेक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण सेल/वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने सहायक व्यय प्रेक्षकों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों की जानकारी प्रदान करते हुए आहवान किया कि सभी अधिकारी चुनाव के दौरान पूरी तरह से निपष्क्ष रहकर पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर बलहा के सूरज, नानपारा के मिथलेश कुमार, मटेरा के अनूप वर्मा, महसी के ऋषभ श्रीवास्तव, बहराइच के घनश्याम दुबे, पयागपुर के आशीष नारायन, कैसरगंज के अभिषेक सिंह तथा रिजर्व सहायक व्यय प्रेक्षक चिराग अवस्थी व वैभव दीक्षित सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com

हर्बल कलर से खेलें होली
नहीं होंगी हेल्थ प्रॉब्लम्स

होली खेलने के लिए आमतौर पर केमिकल कलर्स का यूज लोग करते हैं। लेकिन इससे हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इनसे बचने के लिए आप हर्बल कलर्स का यूज करें। इन्हें आप आसानी से बना सकते हैं।

सजेशन / मधु सिंह

रंगों का त्योहार होली अपने साथ भरपूर खुशियां लाता है। लेकिन कई बार हम अपनी ही असावधानी और मस्ती के हुड़दंग में इन खुशियों को परेशानी में बदल लेते हैं। कई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां केमिकलयुक्त रंगों से होली खेलने के कारण होती हैं।

केमिकल रंगों के दुष्प्रभाव: एक जमाना था जब लोग होली खेलने के लिए प्राकृतिक रंगों का ही इस्तेमाल करते थे। लेकिन बाद में खतरनाक केमिकलयुक्त रंगों का इस्तेमाल होने लगा, जिनमें माइका, पिसा हुआ कांच, एसिड और कई खतरनाक तत्व होते हैं। जो होली के मौके पर बड़े पैमाने पर बिकते हैं। इनसे त्वचा पर बुरा असर होता है। साथ ही ये रंग आंखों को नुकसान पहुंचाते हैं। आंखों के अलावा ये श्वांस संबंधी कई बीमारियों के कारण भी बन सकते हैं। विशेष रूप से आंखों के लिए ऐसे रंग बेहद खतरनाक होते हैं।

होली खेलते समय कुछ लोग आंखों को इन खतरनाक रंगों के प्रभाव से बचा नहीं पाते, जिससे यह क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। होली में बिकने वाले बाजार के कुछ सूखे रंगों में ही नहीं बल्कि रंगों के पेस्ट में भी लेड ऑक्साइड, कॉपर सल्फेट, मरकरी सल्फाइट जैसे केमिकल मिले होते हैं, जिनसे आंखों की एलर्जी, सूजन और अस्थायी अंधापन भी हो सकता है। यही बात होली के मौके पर बाजार में खुले में बिकने वाले गुलाल पर भी लागू होती है। गुलाल में क्रोमियम, लेड, केडमियम, निकिल, मरकरी, जिंक, आयरन जैसे हैवी मेटल्स की मिलावट की जाती है, जो कि हमारे गुर्दों, नर्वस सिस्टम और रिप्रोडक्टिव सिस्टम के लिए बहुत हानिकारक होते हैं। इसलिए ऑर्गेनिक रंगों से ही होली खेलें। इन्हें बड़ी आसानी से घर में ही बनाया जा सकता है। इस बारे में डिटेल में बता रहे हैं आपको।

हल्दी से पीला रंग: हम सब जानते हैं कि पीला रंग बहुत पवित्र और शुभ अवसरों का प्रतीक रंग है। इसलिए हल्दी जैसे पीले रंग से होली खेलना हमेशा अच्छा लगता है। इसे घर में बहुत आसानी से बनाया जा सकता है। इसके लिए 50 ग्राम हल्दी लें और उसमें करीब 100 ग्राम बेसन मिला दें। अगर गीला रंग बनाना है तो इसके लिए पानी में हल्दी को घोल लें और बेधड़क होली खेलें। हल्दी के अलावा पीला रंग गेंदे के फूलों को सुखाकर भी बनाया जा सकता है।

सूखा लाल रंग: चंदन हमारी त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इसलिए सूखा लाल गुलाल, बाजार से खरीदने की बजाए लाल चंदन से इसे घर में बनाएं। इसके लिए गुड़हल के फूलों को सुखाकर उसका पावडर बना लें और देखें कि यह कितनी आकर्षक रंगत देता है। अगर सूखा पावडर कम है और रंग ज्यादा बनाना चाहते हैं तो इसमें थोड़ा मैदा भी मिलाया जा सकता है। अगर सूखे की जगह गीला लाल रंग बनाना है तो लाल चंदन के पावडर को थोड़ी देर पानी में उबालने के बाद इस लाल रंग के पानी से जमकर होली खेलें। पानी की इस फुहार से वातावरण तो सुगंधमय होगा ही, त्वचा पर किसी किस्म के दाग-धब्बे का कोई खतरा भी नहीं होगा। इसी तरह अनार के दानों को पानी में उबाल कर भी प्राकृतिक लाल रंग बनाया जा सकता है।

गाढ़ा-हल्का मजेंटा: मजेंटा रंग हासिल करना थोड़ा मुश्किल लगता है, लेकिन ऐसा नहीं है। बीट रूट यानी चुकंदर इसके लिए बेस्ट रहता है। होली के कुछ दिनों पहले ही बीट रूट को सुखा लें। जब यह पूरी तरह सूख जाए तो इसे पीस लें। यह पावडर की तरह बारीक हो जाएगा जो कि होली को रंगीन बनाने में काम आएगा। अगर हल्का मजेंटा रंग बनाना चाहते हैं तो थोड़ी और मेहनत करें यानी प्याज के छिलकों को आधा लीटर पानी में उबाल लें, इससे हल्का मजेंटा रंग तैयार हो जाएगा।

जामुनी रंग: जामुनी रंग बनाने के लिए काले अंगूरों को या जामुन को उबाला जा सकता है। ध्यान रखें कि पानी ठंडा हो जाने के बाद ही रंगीन पानी का इस्तेमाल करें। *

होली की मस्ती में हेल्थ की करें प्रॉपर केयर

मस्ती, उमंग और तरंग का त्योहार है होली। इसमें लोग खूब रंग खेलते हैं, खाते-पीते और नाचते-गाते हैं। इसमें कुछ गलत नहीं लेकिन इस दौरान आपको अपनी हेल्थ की भी केयर करनी चाहिए। जरा-सी लापरवाही से आपको कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स फेस करनी पड़ सकती हैं। एक्सपर्ट डॉक्टर्स से जानिए कैसे बचें डाइजेशन प्रॉब्लम और इंफेक्शन से? साथ ही आई और स्किन केयर के बारे में भी यूजफुल सजेशंस।

प्रिकॉशन

होली की मौज-मस्ती में कई बार लोग यह नजरअंदाज कर देते हैं कि खराब रंगों के कारण और मौसम में होने वाले बदलाव के चलते उन्हें कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कई लोगों को तो रंगों से इस प्रकार की एलर्जी होती है कि थोड़ा सा भी रंग लग जाने के कारण उन्हें कई तरह की परेशानियां होने लगती हैं। इसके साथ ही होली के दौरान बनने वाली मिठाइयों और तरह-तरह के खाद्य पदार्थों के अधिक सेवन से भी विभिन्न प्रकार की पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आपको त्योहार मनाने के साथ-साथ कुछ सावधानियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

इंफेक्शन से करें बचाव

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉक्टर पंकज वर्मा** इंफेक्शन से बचाव के लिए सलाह देते हैं, 'होली खेलते समय स्किन, आइज, लंग्स में एलर्जी हो सकती है। इनसे बचने के लिए विशेष ध्यान रखना चाहिए। अगर आंखों में कलर चला जाए तो उसे तुरंत साफ पानी से धोएं और अगर जलन महसूस हो तो गुलाब जल का प्रयोग करें। नाखूनों को बड़ा ना रखें क्योंकि अगर नाखूनों में कलर जम जाएगा तो इससे भी आपको नुकसान हो सकता है। होली खेलते वक्त बालों का विशेष ध्यान दें, इसके लिए या तो आप कैप का प्रयोग करें या फिर तेल लगाकर रखें, जिससे कलर और पानी का प्रभाव आपके बालों पर कम पड़े। इसी तरह बालों के साथ-साथ पूरे शरीर पर सरसों के तेल की मालिश कर लें, इससे रंगों का प्रभाव आपके शरीर पर कम पड़ेगा। अस्थमा रोगियों को होली के दिन विशेष ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि गुलाल और रंगों के प्रयोग से उन्हें समस्या हो सकती है, अस्थमा अटैक पड़ सकता है। इसलिए ऐसे लोग होली के दिन अधिक सावधान रहें। इसके साथ ही होली के दिन पानी वाले और पक्के रंगों का प्रयोग ना करें क्योंकि मौसम में बदलाव के चलते आपको सर्दी, जुकाम और बुखार जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। ऐसी किसी भी समस्या का आभास होने पर तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करें। इसमें देर ना करें।'

खान-पान में बरतें सावधानी

होली पर खान-पान संबंधी सावधानियों के बारे में **डॉक्टर गौरव जैन,** सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली कहते हैं, 'होली का समय आते ही सभी घरों में गुझिया, मिठाइयां और तरह-तरह के पकवान बनना शुरू हो जाते हैं। ऐसे में इनके अधिक सेवन से आपको कई तरह की पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। खासकर डायबिटीज मरीजों के लिए अधिक मीठे, मसालेदार और ऑयली फूड्स का सेवन ब्लड शुगर को काफी तेजी से बढ़ा देता है। ऐसे में डायबिटीज के मरीज गुझिया में चीनी की जगह गुड़ और ड्राई फ्रूट्स का या शुगर फ्री गुझिया का सीमित मात्रा में सेवन कर सकते हैं। इसी के साथ आपको कार्बोनेटेड ड्रिंक्स और एल्कोहल के सेवन से भी बचना चाहिए। तरल पदार्थ जैसे नीबू पानी या जूस लेना एक बेहतर विकल्प है। होली के दिन हार्ट पेशेंट नशीले पदार्थों जैसे भांग आदि से दूरी बनाकर रखें क्योंकि नशीले पदार्थ के सेवन से दिल की धड़कनें तेज हो सकती हैं और आपको कार्डियक अरेस्ट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। दिल के रोगियों को अपने कोलेस्ट्रॉल लेवल का भी ध्यान रखना चाहिए और ऐसे खाद्य पदार्थों का ही सेवन करना चाहिए, जिनमें ट्रांस फैट या घी और तेल की मात्रा बहुत कम हो। अगर आपको किसी भी तरह की शारीरिक समस्या महसूस हो तो बिना लापरवाही बरते तुरंत नजदीकी अस्पताल या अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।' *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

आई केयर/ डॉ. टी. एस. चौधरी
आई स्पेशलिस्ट, दिल्ली

रंगों से करें आंखों का बचाव

होली की मस्ती में कई बार उत्साह में लोग अपनी आंखों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरतते हैं, इससे हानिकारक रंग आंखों में जाकर उसे नुकसान पहुंचा सकता है। गीले रंग या पानी की तेज धार आंखों में चला जाए तो बहुत ही हानिकारक हो सकता है। जब आंखों में ऐसा रंग चला जाता है, तब जलन होने लगती है और आंखें लाल हो जाती हैं। उस स्थिति में कभी भी आंखों को रगड़ना नहीं चाहिए, बल्कि साफ पानी से तुरंत धोना चाहिए। जब भी रंग खेलें तो अपनी आंखों पर सन ग्लास लगाना ना भूलें।इसके बावजूद भी यदि आपकी आंखों में रंग चला जाता है तो सबसे पहले साफ पानी से आंखों को धो लें और किसी आई स्पेशलिस्ट से जाकर जरूर दिखाएं। यह हमेशा याद रखें कि डॉक्टर की सलाह पर ही दवाई लेकर आंखों में डालें। अपने मन से कोई भी आई ड्रॉप ना डालें। केमिकल के बजाए हमेशा हर्बल रंगों का ही उपयोग करें। रंग खेलते समय कभी भी कॉन्टेक्ट लेंस का प्रयोग न करें। जोर-जबर्दस्ती के साथ चेहरे पर रंग न लगाएं। इससे रंग आंखों में जा सकता है। आंखों में जलन हो रही है या आंखें लाल हो गई हैं तो डॉक्टर को दिखाने में देर न करें। रंगों या पानी से भरा हुआ गुब्बारा या पानी की तेज धार किसी की आंखों पर न फेंकें। यदि आप इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखते हैं तो वाकई आपकी होली बहुत ही बेहतर होगी। *

प्रस्तुति: संध्या रानी

होली पर रंग जरूर खेलें लेकिन ध्यान रहे कि केमिकल युक्त रंग त्वचा के लिए नुकसानदेह होते हैं। इसलिए होली खेलते समय स्किन का ध्यान रखें।

क्या है नुकसान: होली के रंगों और गुलाल-अबीर में आमतौर अधिक मात्रा में लेड यानी सीसे और अभ्रक की मिलावट होती है। इससे त्वचा के छिलने और रैशेज का खतरा बढ़ जाता है। लाल रंग में नेफ्रोटॉक्सिक तत्व पाए जाते हैं, जो किडनी के लिए नुकसानदेह होते हैं। हरे रंग से कॉन्टेक्ट डर्मेटोसाइटिस नामक बीमारी हो सकती है। हरे रंग से निमोनिया का भी खतरा रहता है। काले रंग से स्किन कैंसर हो सकता है।

स्किन केयर / डॉ. रमनजीत सिंह
एचओडी-डर्मेटोलॉजी, मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम

रंगों से त्वचा रहे सुरक्षित

रखें ध्यान: होली खेलने के बाद त्वचा पर किसी तरह के रैशेज दिखाई दें, तो प्रभावित स्थान को ठंडे पानी से धोने के बाद वहां मॉयश्चराइजर लगाकर छोड़ दें और डॉक्टर से संपर्क करें। बेहतर है कि होली खेलने से पहले फुल स्लीव्स की ड्रेसेस पहनें, चेहरे और गर्दन पर मायश्चराइजर और बालों में नारियल तेल लगाएं। इससे बालों और स्किन पर एक प्रोटेक्टिव लेयर तैयार हो जाती है, जो रंगों को स्किन पोर्स और बालों के क्यूटिकल में जमा होने से रोकती है। 50 एसपीएफ का सन स्क्रीन लोशन लगाएं, इससे स्किन को पोषण मिलेगा और वह डैमेज से सुरक्षित रहेगी। रंग को हटाने के लिए त्वचा को रगड़ कर साफ न करें। अन्यथा जल्दबाजी में त्वचा छिल सकती है। रंग छुड़ाने से पहले ठंडे पानी से त्वचा को धो लें, उसके बाद झाग वाले फेसवॉश से हल्के हाथों से धोते हुए त्वचा को साफ करने की कोशिश करें। फिर कॉटन बॉल को नारियल तेल में डुबोकर उससे चेहरे को पोछें और दोबारा फोमिंग फेसवॉश से चेहरे को साफ करें, इससे रंग आसानी से निकल जाएगा। रंग साफ होने के बाद भी त्वचा का विशेष खयाल रखें। *

प्रस्तुति:विनीता

एडवाइस / अंजू जैन

सही ढंग से सोएं पाएं दर्द से राहत

कुछ कॉमन शारीरिक दर्द जैसे, घुटनों और जबड़े के दर्द को आप अपनी स्लिपिंग पोजिशन यानी सोने के ढंग को बदल कर भी कंट्रोल कर सकते हैं। कुछ एक्सपर्ट्स बता रहे हैं कि किस तरह सही स्लीपिंग पोजिशन से आप ऐसे दर्द से मुक्ति पा सकते हैं?

घुटनों का दर्द : घुटनों के दर्द से राहत पाने के लिए रात में किस पोजिशन में सोना चाहिए, इस बारे में यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया के पेन अस्पताल में स्लीप सेंटर के स्लीप स्पेशलिस्ट डॉ. चार्ल्स बे बताते हैं, 'पैरों के आपस में टकराने या स्पर्श होने से घुटनों का दर्द बढ़ सकता है। इसलिए सोते समय अपने दोनों पैरों के बीच कोई मुलायम तौलिया रोल करके या एक तकिया लगाकर सोएं ताकि दोनों पैर एक-दूसरे से नहीं टकराएं। इससे घुटनों के दर्द से राहत मिलेगी।'

जबड़ों का दर्द : अगर आपको जबड़ों में दर्द की शिकायत या टेंपोरोमैंडीबुलर जॉइंट डिसफंक्शन (टीएमजे पेन) है तो सोने का तरीका कैसा हो, इस बारे में अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन की प्रवक्ता डॉ. एना पाउला फेराज बताती हैं, 'अपना चेहरा ऊपर रखते हुए पीठ के बल ही सोएं। पेट के बल अपने जबड़ों पर दबाव डालते हुए सोने से चेहरे के ज्वाइंट्स और जबड़ों में होने वाला दर्द बढ़ सकता है।' *



योगोपचार
दिव्यज्योति 'नंदन'

योग को आमतौर पर लोग आसन तक ही सीमित कर देखते हैं। जबकि इसके कई अन्य भाग हैं। ये सभी अगर सही विधि से नियमित किए जाएं तो तन-मन को स्वस्थ रहा जा सकता है।

संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए
कारगर है अष्टांग योग

बीते कुछ वर्षों से योगासन पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो रहा है। इसे हर फील्ड के सेलिब्रिटीज भी बहुत चाव से करते हैं। योग से जुड़े सोशल मीडिया में बहुत सारे वीडियोज देख सकते हैं। हालांकि आमतौर पर सेलिब्रिटीज योग के कुछ हिस्से या आसन ही करते हैं, जो आसान और फोटोजेनिक होते हैं। लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं है कि 8 अंगों और अवधारणाओं वाला अष्टांग योग अपने अंदर अनगिनत फायदे समेटे है। अष्टांग योग 8 अंगों का एकीकृत रूप है। इसमें शामिल हैं- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि।

अष्टांग योग के फायदे

अष्टांग योग वास्तव में शरीर के विभिन्न अंगों को 8 तरीके से एकीकृत करता है, उन्हें एक साथ लय में लाता है। कहीं-कहीं पर अष्टांग योग को 'षड़ग योग' भी कहते हैं, क्योंकि माना जाता है कि इसमें छह अंगों की गतिविधियां शामिल होती हैं। अष्टांग योग इसलिए तमाम सेलिब्रिटीज और फेमस लोगों के बीच मशहूर है, क्योंकि यह तनाव को बहुत जल्दी दूर करता है या दूसरे शब्दों में इस योगासन को करने से मूड बहुत जल्दी सही हो जाता है। कुछ आसनों को करने से शारीरिक सक्रियता और लोच बनी रहती है। शरीर में एक ऊर्जा बनी रहती है। इसके कारण मूड स्विंग नहीं होता है। एकाग्रता बढ़ती है और सकारात्मकता बनी रहती है।

कैसे करें अष्टांग योग

अष्टांग योग के 8 अंग हैं। इसे बहुत ध्यान और सावधानी से करना चाहिए। अष्टांग योग चूंकि आठ क्रियाओं का मेल है इसलिए पहले किसी अनुभवी योगाचार्य के निर्देशन में इसे अच्छी तरह सीख लें, इसके बाद ही अभ्यास करें।

यम: अष्टांग योग की शुरुआत यम से होती है। यम कोई शारीरिक गतिविधि नहीं बल्कि एक मानसिक अनुशासन है। इसके तहत हमें अपने रोजमर्रा के जीवन में अहिंसा शामिल करनी होती है। मांसाहार त्याग के साथ ही कड़वे और हिंसक शब्दों से भी आपको दूरी बनानी होगी। इसमें चोरी न करना, अनावश्यक संचय न करना और ब्रह्मचर्य का पालन करना भी शामिल है।

नियम: स्वानुशासन के लिए कुछ नियम आवश्यक हैं। इसमें शारीरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना होता है। ईश्वर की नियमित आराधना भी करनी चाहिए। सुबह से शाम तक की अपनी सभी गतिविधियों में हमें अपने मन, वचन और कर्म से सिर्फ सत्य का साथ देना होता है।

आसन: स्थिर, सुखपूर्वक विशेष शारीरिक अवस्था में बैठने को आसन कहते हैं। इसमें अनेक आसन होते हैं। इनका अभ्यास योग्य प्रशिक्षक के निर्देशन में ही करें।

प्राणायाम: श्वांस को मूलाधार से सहस्त्रार चक्र तक ले जाने को प्राणायाम कहते हैं। इसमें अनुलोम, विलोम, कपालभाति और भस्त्रिका आदि शामिल हैं।

प्रत्याहार: अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण करने को प्रत्याहार कहते हैं।

धारणा: चित्तवृत्ति को किसी वस्तु या विचार पर स्थिर करना धारणा कहलाता है।

ध्यान: अपने इष्ट पर मन को केंद्रित करना ध्यान है। ध्यान खासतौर पर मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है।

समाधि: ईश्वर में आत्मा को लीन करना समाधि है। यह स्थिति किसी किसी साधक को प्राप्त होती है। *

डिजीज
शिखर चंद जैन

कई बार मिडएज के लोगों में एक्ने की समस्या होने लगती है। इससे फेस पर स्पॉट्स नजर आने लगते हैं। इसकी कई वजहें हो सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि इनके कारण के बारे में जानकर उनका सही ट्रीटमेंट करवाया जाए।

मिडएज में एक्ने प्रॉब्लम
जानें कारण-निवारण

किशोरों और युवाओं को पिंपल या एक्ने की समस्या होना, आम बात है। लेकिन कई बार जब 30-40 या इससे अधिक उम्र के लोगों को एक्ने की समस्या सताती है तो चिंतित होना स्वाभाविक है। अमेरिका (न्यूयॉर्क) की त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कैरमेन कैस्टीला के अनुसार, यद्यपि वयस्क होने पर एक्ने होना परेशान करने वाला एहसास हो सकता है लेकिन इसके लिए ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए। इसी प्रकार डलास की डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर रॉस रैडूस्की कहती हैं, 'भले ही आपको टीनएज में एक्ने नहीं हुआ हो लेकिन फिर भी अधिक उम्र में एक्ने की प्रॉब्लम हो सकती है। इसका इलाज संभव है, इसलिए आपको टेंशन नहीं लेनी चाहिए।'

एडल्ट एक्ने के कारण

एक्ने का प्रमुख कारण रोम छिद्रों यानी स्किन पोर्स का धूल, मिट्टी, तेल और डेड स्किन सेल्स के कारण जाम होना ही होता है। लेकिन एडल्ट एक्ने के कई ऐसे कारण भी होते हैं, जो किशोरावस्था में कम प्रभावी होते हैं। यह कहना है अमेरिकी एकेडमी आफ डर्मेटोलॉजी का। इन कारणों में शामिल हैं-

हार्मोन में बदलाव: उम्र बढ़ने के साथ हार्मोन में कई तरह के बदलाव होते हैं। इसके कारण स्किन ज्यादा तेल प्रोड्यूस करने लगती है। नतीजतन रोम कूप बंद होने लगते हैं और स्किन पर मौजूद बैक्टीरिया हावी होने लगते हैं। हार्मोनल एक्ने महिलाओं में ज्यादा होते हैं। विशेष रूप से मेंस्ट्रुएशन, प्रेगनेंसी या मेनोपॉज के वक्त उनमें यह समस्या ज्यादा होती है। इसके अलावा जिन पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन का लेवल ज्यादा होता है, उनमें भी एक्ने की समस्या होती है। यह कहना है, साउथ कैलिफोर्निया की स्किन डिजीज स्पेशलिस्ट डॉक्टर लॉरेन प्लॉच का।



मेडिकेशन के साइड इफेक्ट्स: कुछ दवाइयां जैसे लिथियम, कोर्टिकोस्टेरॉयड आदि के साइड इफेक्ट के कारण भी एक्ने हो सकता है। इसके अलावा टेस्टोस्टेरॉन, मेडिकेशन, बर्थ कंट्रोल पिल, सिजोफ्रेनिया की दवाओं, विटामिन बी और प्रोटीन सप्लीमेंट्स की वजह से भी एक्ने की समस्या हो सकती है।

जेनेटिक इफेक्ट्स: आनुवांशिक कारणों से अगर किसी व्यक्ति की स्किन ऑयली है या डेड स्किन सेल्स आसानी से हटते नहीं हैं तो एक्ने की समस्या उम्र भर परेशान कर सकती है। ऐसे लोगों में उम्र बढ़ाने और हार्मोनल उतार-चढ़ाव के बाद समस्या और भी बढ़ जाती है। अगर एक्ने की फैमिली हिस्ट्री है तो इसकी संभावना बढ़ जाती है।

स्ट्रेस भी है वजह: स्ट्रेस की वजह से कार्टीसोल हार्मोन का लेवल बढ़ जाता है। इससे स्किन पर ऑयल ज्यादा रिलीज होने लगता है। जाहिर है, इससे एक्ने की समस्या होने की आशंका बढ़ती है। स्ट्रेस कम होने पर इससे आराम मिलने लगता है।

एडल्ट एक्ने का ट्रीटमेंट

डॉक्टर लॉरेन प्लॉच एडल्ट एक्ने के उपचार के लिए कई उपाय बताती हैं। एक्ने के इलाज के लिए दवा दुकानों पर मिलने वाली टॉपिकल मलहम का प्रयोग किया जा सकता है। बेंजोयल पैराक्साइड जैसे एंटीबैक्टीरियल और स्किन ड्राई करने वाले लोशन से चेहरा धोना चाहिए, इससे रोम छिद्र भी खुलेंगे। साथ ही रेटिनाएड दवा एडेपेलिन और एजेलैक एसिड (बैक्टीरिया मारकर रोमकूप खोलने वाली दवा) लगाने से भी एक्ने साफ हो जाते हैं। सैलीसाइक्लिक एसिड युक्त प्रोडक्ट लगाने से स्क्रीन एक्स्फोलिएट होती है और डेड स्किन सेल्स साफ हो जाते हैं। उम्र बढ़ने पर हमारी स्किन का लचीलापन कम होने लगता है। इसलिए ऐसी समस्या हो तो ग्लाइकॉलिक एसिड युक्त प्रोडक्ट लें। यह स्किन को बिना ड्राई किए हुए ही इसका एक्सफोलिएशन करेगा। ये दवाएं आप डॉक्टर से कंसल्ट करने के बाद ही यूज करें। अगर दवाएं काम ना कर रही हों और स्किन के ब्लैक स्पॉट आपको टेंशन दे रहे हों तो आपको किसी स्किन स्पेशलिस्ट से परामर्श लेना चाहिए। *